दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 36
कोटद्वार शुक्रवार
26 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# प्रधानमंत्री मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड को दी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

## ◆वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून–दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ
## ◆उत्तराखण्ड के समस्त रेल मार्गों के लिए विद्युतीकरण का भी पीएम ने दिया तोहफा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को देवभूमि उत्तराखण्ड को देहरादून–दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस की नई सौगात दी। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून–दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड के समस्त रेल मार्गों के लिए विद्युतीकरण की सौगात भी दी। देहरादून–दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ अवसर पर देहरादून रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, मंत्रीगण, सांसदगण एवं विधायकगण उपस्थित थे।



### साढ़े चार घंटे में पहुँच सकेंगे दिल्ली

वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से दिल्ली की दूरी 04:30 घंटे में पूरा करेगी, ट्रेन सप्ताह में 6 दिन (बुधवार को छोड़कर) चलेगी। देहरादून से नई दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस हरिद्वार, रूड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ स्टेशनों पर रूकेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, खजान दास, दीवान सिंह बिष्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच चलने वाली ये ट्रेन देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी। इसकी सुविधाएं सफर को आनंददायक बनाने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे बाबा केदार के दर्शन करने गये थे, तो दर्शन के बाद अनायास ही उनके मुख से पंक्तियां निकली थी कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वो बहुत सराहनीय है। यह इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा।

उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या हर वर्ष पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ देती है। अभी बाबा केदार के दर्शनों के लिए कितने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, ये हम सब देख रहे हैं।

हरिद्वार में होने वाले कुंभ और अर्धकुंभ में दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। हर वर्ष जो कांवड़ यात्रा होती है, उसमें भी लाखों–करोड़ों लोग उत्तराखण्ड पहुंचते हैं। देश में ऐसे राज्य कम ही हैं, जहां इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की ये संख्या उपहार भी है और इतनी बड़ी संख्या को संभाल पाना, एक भगीरथ कार्य भी है। इस भगीरथ कार्य को आसान बनाने के लिए ही डबल इंजन की सरकार, डबल शक्ति से, डबल गति से काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की बीजेपी सरकार का पूरा जोर विकास के नवरत्नों पर है। पहला रत्न– केदारनाथ–बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य, दूसरा रत्न– ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुण्ड–केदारनाथ और गोविंदघाट–हेमकुण्ट साहिब रोपवे का कार्य, तीसरा रत्न– कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का काम, चौथा रत्न– पूरे राज्य में होम स्टे को बढ़ावा। पांचवा रत्न– 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास, छठा रत्न– उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार। उधमसिंह नगर में एम्स का सेटलाइट सेंटर भी बनाया जा रहा है।

सातवां रत्न– करीब 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना। आठवां रत्न– ऋषिकेश–हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकास और नौवा रत्न– टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन। इस रेल लाइन पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इन नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट यहां चल रहे हैं, उन्हें भी धामी जी की सरकार ने नई ऊर्जा दी है। 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से चारधाम महापरियोजना पर तेज गति से काम हो रहा है। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे तैयार होने से देहरादून–दिल्ली के बीच सफर और आसान हो जाएगा। रोड कनेक्टिविटी के साथ ही, रोप–वे कनेक्टिविटी के लिए भी उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पर्वतमाला योजना आने वाले दिनों में उत्तराखंड का भाग्य बदलने जा रही है। इसके लिए जिस कनेक्टिविटी का उत्तराखंड के लोगों ने बरसों इंतजार किया है, वो इंतजार भी हमारी सरकार समाप्त कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना दो–तीन साल में पूरी हो जाएगी। 16 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च इस योजना के पीछे किए जा रहे हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद उत्तराखण्ड का एक बड़ा क्षेत्र राज्य के लोगों और पर्यटकों के लिए सुगम हो जाएगा। इससे यहाँ निवेश, उद्योगों के विकास, रोजगार के नए–नए अवसर बनेंगे। और देवभूमि पर विकास के इस महाअभियान के बीच, अब ये वंदे भारत ट्रेन भी उत्तराखंड के लोगों के लिए एक भव्य उपहार साबित होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार के प्रयासों से उत्तराखण्ड तेजी से पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म हब, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन, वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। आज उत्तराखंड के नए–नए स्थल, नए–नए टूरिस्ट हब, देश–विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। इन सभी को वंदे भारत ट्रेन से बहुत मदद मिलेगी। अब तो देश के कोने–कोने में वंदे भारत ट्रेनें चलनी शुरू हो चुकी हैं। जब परिवार के साथ कहीं लंबी दूरी तय करनी हो तो, ट्रेन ही लोगों की पहली पसंद होती है। ऐसे में अब वंदे भारत, भारत के सामान्य परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही है। इस वर्ष उत्तराखंड का रेल बजट 5 हज़ार करोड़ रुपए है। यही कारण है कि आज उत्तराखंड के नए–नए क्षेत्रों तक रेल का विस्तार हो रहा है। रेलवे ही नहीं, बल्कि आधुनिक हाईवे का भी उत्तराखंड में अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी प्रदेश के लिए ये कनेक्टिविटी कितनी ज़रूरी है, ये हम समझते हैं।

कनेक्टिविटी के अभाव में अतीत में कैसे गांव के गांव खाली हो गए, उस पीड़ा को हम समझते हैं। आने वाली पीढ़ी को उस पीड़ा से हम बचाना चाहते हैं। उत्तराखंड में ही टूरिज्म से, खेती–किसानी से, उद्योगों से रोज़गार के अवसर बने, इसलिए इतना परिश्रम आज हम कर रहे हैं।

हमारी सीमाओं तक पहुंच आसान हो, राष्ट्ररक्षा में जुटे हमारे सैनिकों को असुविधा ना हो, इसमें भी ये आधुनिक कनेक्टिविटी बहुत काम आएगी। हमारी डबल इंजन की सरकार, उत्तराखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड का तेज विकास, भारत के तेज विकास में भी मदद करेगा। और देश अब रुकने वाला नहीं है, देश अब अपनी गति पकड़ चुका है।

### देवभूमि उत्तराखंड में वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ, आज सौभाग्य का दिन है: रेल मंत्री

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए एक अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत की सौगात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दी गई है। इस पवित्र भूमि के लिए 10 साल पहले जब रेलवे के विकास की बात आती थी तो केन्द्र सरकार की ओर से इसके लिए मात्र 187 करोड़ रूपये मिलते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देवभूमि उत्तराखण्ड को इस साल रेलवे के विकास के लिए 05 हजार करोड़ रूपये की धनराशि दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का देवभूमि उत्तराखण्ड से भावनात्मक जुड़ाव है। उनके मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में अनेक बड़ी परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। 5 जी की सुविधा, फाइबर कनेक्टिविटी के विस्तार, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन जिसमें 125 किमी में से 104 किमी टनल है पर कार्य हो रहा है।

### मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखण्ड को देहरादून–दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस एवं राज्य के समस्त रेल मार्गों को विद्युतीकरण की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज देवभूमि उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है, हम सभी को इसका साक्षी बनने का मौका मिल रहा है, यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के उत्तराखंड के प्रति विशेष प्रेम का ही प्रतिफल है कि आज से महज साढ़े चार घन्टे में देहरादून से दिल्ली का सफर पूरा होगा। नये युग की रेल सेवा वंदे भारत एक्सप्रेस प्रधानमंत्री जी के प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के विजन का साक्षात उदाहरण है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की तरफ बढ़ रहे हैं। स्वदेश में निर्मित भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत उभरते हुए भारत की बुलंद तस्वीर को प्रदर्शित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व के अधिकतर देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश लगातार विकास के पथ पर बढ़ रहा है और भारत पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में बहुत से ऐसे काम हुए हैं, जो कि पहले मुमकिन नहीं लग रहे थे। पहाड़ में रेल चलने का सपना उत्तराखंड का हर बच्चा देखा करता था। उत्तराखंड में पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन पर तेजी से कार्य हो रहा है। सड़क, रेल, हेली सेवा और रोपवे सेवा के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड के सुदूर क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।


## आर्थिक भगोड़ों के गुनाहों और संपत्तियों पर होगी कार्रवाई : अजय भट्ट

ऋषिकेश। दुनियाभर में भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए जी–20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में विभिन्न देशों के मेहमानों ने मंथन किया। इस दौरान आर्थिक भगोड़ों के गुनाहों और संपत्तियों पर कार्रवाई का मुद्दा भी उठा। कई देशों में आर्थिक तबाही की वजह बने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए सूचना और तकनीक के आदान–प्रदान पर जोर दिया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि मंथन से निकला निचौड़ सभी देशों के लिए लाभकारी साबित होगा। नरेंद्रनगर के होटल वेस्टिन में गुरुवार को आयोजित जी–20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी शामिल हुए।

उन्होंने जी–20 के प्रतिनिधियों के बीच भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कई घंटों तक मंथन किया। मीडिया कर्मियों से बातचीत में भट्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार सिर्फ किसी अकेले एक देश की नहीं, बल्कि ज्यादातर देशों की समस्या है। इससे निजात पाने को विश्व के सभी देशों के साझा प्रयासों की जरूरत है। ऐसे मामलों में चरणबद्ध ढंग से कार्रवाई के लिए भी बैठक में गहन मंथन किया गया।

भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2018 में अर्जेंटीना में नौ बिंदुओं पर विश्व के नेताओं के सामने चर्चा की थी, इनमें भ्रष्टाचार भी शामिल था। भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम को इसी चर्चा के बाद अब आगे बढ़ाया जा रहा है। बताया कि जी–20 के आगामी सम्मेलनों ने भी यह मसला और आगे बढ़ेगा। एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की गुरुग्राम के बाद यह दूसरी बैठक है। तीसरी मीटिंग कोलकाता में होगी। मौके पर संयुक्त सचिव रजत कुमार आदि रहे।

## उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में अजय बिष्ट ने हासिल की 14वीं रैंक




**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** मेहरबान सिंह कंडारी राजकीय इंटर कालेज स्यूंसी के छात्र अजय बिष्ट ने उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल में प्रदेश स्तर पर 14वीं रैंक हासिल कर जिले के साथ बीरोंखाल ब्लाक का नाम रोशन किया। छात्र को उनके घर स्यूंसी में बंधाई देने वालों तांता लगा हुआ है। वहीं छात्र ने सफलता का श्रेय गुरुजनों के साथ माता-पिता को दिया हैं। अजय बिष्ट ने बताया कि वहां आगे चल कर आईएएस बन कर देश सेवा करना चहाते हैं।

बीरोंखाल के मेहरबान सिंह कंडारी राजकीय इंटर कॉलेज स्यूंसी के छात्र अजय बिष्ट के पिता रमेश सिंह बिष्ट ने बताया कि वह खेतूमासी के रहने वाले हैं और भारतीय स्टेट बैंक स्यूंसी में नौ सालों से अस्थाई दैनिक वेतन भोगी के पद पर कार्यरत हैं। माता विनिता देवी स्यूंसी किराए के घर पर सिलाई का कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि अजय की गणित में ट्यूशन लगा रखी थी। प्रधानाचार्य मेहरबान सिंह कंडारी जगत राम लखेड़ा ने कहा कि उन्हें अजय बिष्ट पर पूरा भरोसा था कि वहां जरूर हाईस्कूल में अच्छे नंबर लाएगा। कहा कि अजय पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अग्रणी रहा है। उसने पौड़ी गढ़वाल के साथ बीरोंखाल ब्लाक का नाम रोशन किया है।

### उत्तराखंड बोर्ड 12वीं में छात्राओं ने मारी बाजी

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद यानी उत्तराखंड बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम गुरुवार, 25 मई को जारी किया गया। इस साल कक्षा 12वीं में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 80.98 फीसदी रहा है। उत्तराखंड बोर्ड 12वीं कक्षा की परीक्षा में 1,23,945 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, इनमें से परिणाम में 1,00,380 परीक्षार्थी सफल रहे हैं। परीक्षा परिणाम में लड़कों का पास प्रतिशत 78.48 फीसदी तो लड़कियों का पास प्रतिशत 83.49 फीसदी रहा है।


### मुख्यमंत्री ने दी उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा में जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षा अनुरूप न रहा हो, वे भी निराश ना हों पुनः उत्साह के साथ पढ़ाई करते रहे सफलता जरूर मिलेगी।

जीवन का प्रत्येक क्षण हमें अनुभव और अवसर दोनों प्रदान करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

### मणिपुर का दौरा करेंगे अमित शाह, प्रदेशवासियों से की शांति की अपील बोले–

## सभी पीड़ितों को मिलेगा न्याय



**गुवाहाटी, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मणिपुर में लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और वादा किया कि समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही वह पूर्वोत्तर राज्य का दौरा भी करेंगे।

केंद्र यह सुनिश्चित करेगा कि मणिपुर में हुई झड़पों में सभी पीड़ितों को न्याय मिले, लेकिन लोगों को राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए बातचीत करनी चाहिए।

बता दें कि मणिपुर में इस माह की शुरुआत में जमकर बवाल हुआ और हिंसा की वजह से करीब 60 लोगों की मौत हो गई। हिंसा के दौरान घरों को भी जला दिया गया और राज्य के कुछ हिस्सों से नई घटनाओं की भी सूचना मिली है।

विपक्षी दलों ने एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राज्य में हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को मणिपुर सरकार को मैतई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए किए गए सभी सुरक्षा, राहत और पुनर्वास प्रयासों पर एक नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

इसको लेकर केंद्र और राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया कि एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है और राज्य में हालात सुधरे हैं। स्थिति रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में कुल 318 राहत शिविर केंद्र स्थापित किए गए जहां 47,914 से अधिक लोगों को मदद मुहैया कराई गई। साथ ही बताया कि 626 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## हेमकुंड में मौसम खराब, ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण पर 27 मई तक रोक



**देहरादून।** हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए 27 मई तक ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण पर रोक लगा दी गई है। मौसम खराब होने के कारण सरकार ने यह फैसला लिया है। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए अब तक 62 हजार से अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

इस बार चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा शुरू होने के वक्त से लगातार मौसम खराब चल रहा है। आगामी दो–तीन दिन तक मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए सरकार ने हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण रोक दिया है। हेमकुंड साहिब की यात्रा 20 मई से शुरू हुई है। यात्रा से ठीक पहले हेमकुंड साहिब के पैदल मार्ग से बर्फ हटाई गई। पांच दिन के भीतर हेमकुंड साहिब में 5600 से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए। इससे पहले सरकार ने 25 मई तक केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पर रोक लगाई थी। हालांकि बिना पंजीकरण आने वाले तीर्थयात्रियों के आफलाइन पंजीकरण की सुविधा दी जा रही थी। लेकिन अब 26 मई से केदारनाथ धाम करने वाले यात्री ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे।

# दो और चीता शावकों की मौत

## एक्सपर्ट बोले– प्रोजेक्ट का सबसे खराब पल आना शेष

**श्योपुर, एजेंसी।** प्रोजेक्ट चीता को लेकर किए जा रहे प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में दो और चीता शावकों की मौत हो गई है। एक शावक की मौत मंगलवार को हुई थी। अब एक ही शावक शेष बचा है। शुरुआती जानकारी कहती है कि इन शावकों की मौत कुपोषण की वजह से हुई है।

नामीबिया से 17 सितंबर को भारत लाई गई चीता सियाया उर्फ ज्वाला के चार में से तीन शावकों की अब तक मौत हो चुकी है। इन चार शावकों का जन्म दो महीने पहले मार्च के आखिरी हफ्ते में हुआ था। इन्हें मिलाकर अफ्रीकी देशों से लाए गए चीतों में से अब तक छह की मौत हो चुकी है। इनमे तीन शावक और तीन वयस्क चीता शामिल हैं। अब कूनो




नेशनल पार्क में 17 वयस्क चीता और एक शावक जीवित हैं।

अधिकृत जानकारी के अनुसार 23 मई को सुबह मादा चीता ज्वाला के एक शावक की मृत्यु हुई। इसके बाद शेष तीनों शावक एवं मादा चीता ज्वाला की पालपुर में तैनात वन्यप्राणी चिकित्सकों की टीम एवं मॉनिटरिंग टीम दिनभर निगरानी करती रही। दिन में चीता ज्वाला को सप्लीमेंट फूड दिया गया। निगरानी के दौरान शेष तीन शावकों की स्थिति सामान्य नहीं लगी। यह भी ध्यान देने योग्य है कि 23 मई को इस ग्रीष्म ऋतु का सर्वाधिक गर्म दिन भी रहा। दिन का अधिकतम तापमान लगभग 46–47 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर अत्यधिक गर्म हवाएं एवं लू चलती रही।

तीनों शावकों की असामान्य स्थिति एवं गर्मी को देखते हुए प्रबंधन एवं वन्यप्राणी चिकित्सकों की टीम ने तत्काल तीनों शावकों को रेस्क्यू कर आवश्यक उपचार करने का निर्णय लिया। दो शावकों की स्थिति अत्यधिक खराब होने से उपचार के सभी प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक शावक गंभीर हालत में गहन उपचार एवं निगरानी में पालपुर स्थित चिकित्सालय में रखा गया। उसका लगातार उपचार किया जा रहा है। उपचार के लिए नामीबिया एवं साउथ अफ्रीका के सहयोगी चीता विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की सलाह ली जा रही है। यह शावक वर्तमान में गहन उपचार में है। उसका स्वास्थ्य स्थिर है। मादा चीता ज्वाला स्वस्थ है। उसकी सतत निगरानी की जा रही है।

सभी चीता शावक कमजोर, सामान्य से कम वजन एवं अत्यधिक डिहाइड्रेटेड पाए गए। मादा चीता ज्वाला पहली बार मां बनी है। चीता शावकों की उम्र लगभग 8 हफ्ते है। इस अवस्था में चीता शावक सामान्यतः जिज्ञासु होते हैं। मां के साथ लगातार चलते हैं। चीता शावकों ने अभी लगभग 8–10 दिन पूर्व ही मां के साथ घूमना शुरू किया था। चीता विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यतः अफ्रीका में चीता शावकों का जीवित रहने का प्रतिशत कम होता है।

# गड्ढे भरने के नाम पर लोंनिवि बिछा रहा मोटर मार्ग पर मिट्टी ,आवाजाही हुई मुश्किल



रुद्रप्रयाग। जखोली–लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग द्वारा ललूड़ी, देवल महाविद्यालय मोटर मार्ग पर सरकार के आदेशानुसार गढढानुमा सड़को पर विभाग द्वारा गढढे भरने का कार्य किया गया था ,जिसमे कि कि विभाग ने इस मोटर मार्ग पर मिट्टी का भरान कर सड़क को और भी खतरनाक बना दिया,अब आलम ये है कि मोटर मार्ग पर बने गड्ढो के ऊपर भरी सारी मिट्टी कई स्थानों पर जमा हो गयी जिसके कारण मोटर मार्ग चलने वाले वाहनो को आने जाने मे भारी पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,अगर सड़क की यही स्थिति रही तो इस सड़क पर एक दिन भारी दुर्घटना हो सकती है।आखिर कब तक लो नि वि सड़कों पर मिट्टी बिछाने का काम करता रहेगा और वाहन मे सवार करने वाले लोगो की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करता रहेगा। इस मोटर मार्ग पर दल दल मे धँसने के कारण अभी तक कई वाहनो को नुकसान पहुंच चुका है जो विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है। विभाग द्वारा ललूड़ी, देवल,महाविद्यालय मोटर मे बिछाई गयी मिट्टी एक ही बारिश मे सड़क पर फैल गयीं और अब हालात ये है कि अब मोटर मार्ग पर आवाजाही करना बंद हो गया इतना सब कुछ होने के बावजूद भी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के कानो मे जूं तक नही रेंग रहा है। देवल ग्राम पंचायत प्रधान शम्भू प्रसाद उनियाल ने बताया कि इस मोटर मार्ग पर विभाग कोई खास दिलचस्पी नही लिखा रहा है ,इस मोटर की कुल लम्बाई लगभग 5 किलोमीटर है जिसमे 3 किमी तक महाविद्यालय तक कच्चा मार्ग है इस कच्चे हिस्से पर बने गढ्ढो मे जो मलवा लो नि वि द्वारा बिछाया गया है वही मलवा जानलेवा बना है। अगर विभाग इस ओर ध्यान देता तो सड़क की स्थिति दयनीय नही होती। साथ ही प्रधान ने ये भी कहा कि विभाग इस मोटर मार्ग पर काम के नाम पर केवल खाना पूर्ति कर रहा है और मिट्टी भरने के नाम पर सरकारी बजट को ठिकाने लगाने पर लगा है।

## राप्रावि विकासनगर में हुआ संकुल स्तरीय बाल शोध मेला

विकासनगर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में गुरुवार को संकुल स्तरीय बाल शोध मेला आयोजित किया गया। मेले में विकासनगर संकुल के सात प्राथमिक विद्यालयों के 200 नौनिहालों, 22 शिक्षकों और सात संकुल प्रभारियों समेत समुदाय के 60 लोगों ने प्रतिभाग किया। अप्रैल माह से चल रही बाल शोध प्रक्रिया के तहत नौनिहालों ने अपनी थीम पर शोध कर उसे चार्ट, मॉडल के माध्यम से मेले में प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों अपनी अकादमिक समझ का प्रदर्शन करते हुए आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण अध्ययन की थीम को लेकर अपने आस–पास के व्यावहारिक जीवन से जोड़कर प्रक्रियाओं को संपन्न किया। इसके साथ ही साक्षात्कार को भी बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया। नौनिहालों की इस प्रतिभा को बीईओ समेत सभी संकुल प्रभारियों और समुदाय के लोगों ने खूब सराहा। बीईओ वीपी सिंह ने कहा कि बाल शोध मेले के जरिए बच्चों में सीखने की समझ बेहतर ढंग से निखरती है। इस दौरान सत्येंद्र सिंह रावत, विकास रोहिला, सरदार हरजिंदर सिंह, अजय तिवारी, दिग्विजय सिंह, बलबीर सिंह, सरदार सिंह, राजेश्वरी, दीपा, सोमवती, मोनिका त्यागी, मधुबाला, पूनम शर्मा, जुबेदा रूही आदि मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने की भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दिए जाने वाले फंड की समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दिए जाने वाले फंड की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022–23 के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र जमा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनकी प्रगति को लगातार पोर्टल पर अपलोड किया जाए। मुख्य सचिव ने वर्ष 2023–24 के लिए भी शीघ्र प्रस्ताव, डीपीआर आदि समय पर जमा कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाने के लिए लगातार योजनाओं का अनुश्रवण किया जाए। कार्यों के विभिन्न चरणों के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य हो चुके हैं,

## एक नजर

### आईटीएम में अमर शहीद श्रीदेव सुमन पर नाटक का मंचन

देहरादून। आईटीएम देहरादून में अमर शहीद श्रीदेव सुमन जयंती पर दो दिन की कार्यशाला के बाद उनके जीवन पर नाटक का मंचन किया गया। छात्र–छात्राओं ने अपने अभिनय से प्रभावित किया। नाटक का लेखन व निर्देशन जनकवि डॉ. अतुल शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी रविन्द्र जुगराण ने मंचन का शुभारंभ किया। नाटक की शुरूआत अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जेल यात्रा से हुई। 84 दिनों की भूख हड़ताल का सजीव अभिनय वर्धन शुक्ला व फरदीन ने किया। 84 दिन के संघर्ष के बाद जब श्रीदेव सुमन शहीद हुए तो राजा के कर्मचारियों ने उनका पार्थिव शरीर नदी में फेंक दिया। श्रीदेव सुमन के जन्म स्थान जॉल(टिहरी)गांव व अन्य जगह विद्रोह को भी मंचित किया गया। नाटक में उर्मिला वैष्णव, वैष्वी भट्ट, सुरभि तोक, दीप्ति थपलियाल, तरनप्रीत, नैंसी ने अभिनय किया। नाटक में रंजना शर्मा का गीत एक तिरंगा लहराए..ने जोश भरा और स्क्रीन पर भी श्रीदेव सुमन का चित्र दिखाया गया। नाटक के जरिए भ्रष्टाचार को दूर करने का संदेश दिया गया। जनकवि अतुल शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए श्रीदेव सुमन के सिद्धांतों पर चलना जरुरी है। नाटक के अंत में सभी को पुस्तक भेंट की गई। संचालन स्मृति उनियाल ने किया। मौके पर आईटीएम चैयरमैन निशांत थपलियाल, रेखा शर्मा, प्रधानाचार्य अंजू गैरोला थपलियाल, निदेशक डॉ.राकेश मोहन भट्ट, रजिस्ट्रार रुचि थपलियाल, आईशा ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### उत्क्रांद ने की दुर्घटना संभावित चौराहों पर अंडरपास बनाने की मांग

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ ने हरिद्वार बाईपास पर दुर्घटना संभावित चौराहों पर अंडरपास बनाने की मांग की है। हरिद्वार बाईपास पर अक्सर हो रही दुघटनाओं को लेकर पार्टी ने गुरुवार को एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हरिद्वार बाईपास पर महिंद्रा शो रूम के सामने और नकरौंदा मोड हर्रावाला में सड़क दुर्घटनाएं को रोकने में यातायात पुलिस विफल साबित हुई है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसपी ट्रैफिक और थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा के साथ दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण किया। युवा उत्क्रांद के केंद्रीय प्रवक्ता रविंद्र ममगाईं ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देहरादून के लोगों के साथ लापरवाही की जा रही है। लगातार हो रहे हादसों से लोग भयभीत हैं। मौके पर मनीष रावत, मनोज कुमार आदि रहे।

### न्याय की मांग को लेकर सुरेंद्र समर्थकों ने की महापंचायत, मंत्री अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग

ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से जुड़े मारपीट प्रकरण में गुरुवार को सुरेंद्र सिंह नेगी समर्थकों ने महापंचायत की। इसमें ऋषिकेश और आसपास के इलाकों से लोग जुटे। कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में महापंचायत में नजर आए।

उन्होंने मामले में न्याय की मांग दोहराते हुए मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। गुरुवार को शाम 5 बजे से गुमानीवाला स्थित अमितग्राम में आयोजित महापंचायत में ऋषिकेश, डोईवाला समेत आसपास के लोग जुटने लगे। महापंचायत में सुरेंद्र की पत्नी दम्पयंति देवी शामिल हुईं। उन्होंने पति के साथ हुई मारपीट को लेकर गुस्सा जाहिर किया। सरकार से मंत्री को कैबिनेट से बाहर करने की मांग दोहराई। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि भाजपा सरकार गूंगी–बहरी तो थी ही, अब अंधी भी हो गई है। सुरेंद्र के साथ मारपीट के बावजूद उल्टा उसी पर सत्ता के दबाव में मुकदमा कराया गया। उन्होंने मंत्री की गिरफ्तारी और पद से हटाने की मांग की। महापंचायत में जुटे लोगों ने सुरेंद्र के समर्थन में नारेबाजी भी की।

# दून विहार में गणेश जोशी ने किया पेयजल योजना का लोकार्पण

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को मसूरी विधानसभा के तहत राज्य सेक्टर से निर्मित दून विहार पेयजल योजना का लोकार्पण किया। 178.44 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस पेयजल योजना से सैकड़ों की आबादी को फायदा होगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोकार्पण स्थल पर पौधरोपण किया और सभी क्षेत्र वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को जाखन में सीवर पंपिंग स्टेशन का भूमि पूजन किया था जो दो करोड़ 95 लाख की लागत से निर्मित है। सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य किया 1.70 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। साथ ही दून विहार क्षेत्र में लगभग 97 प्रतिशत बंच केबलिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, केवल 800 मीटर से कम का कार्य भी जल्द पूरा होगा। पार्क निर्माण भी जल्द होगा। दून विहार योजना से 1620 जनसंख्या को जलापूर्ति होगी। योजना में 01 नलकूप से 350 एलपीएम का श्राव प्राप्त हुआ है। 200 किलोलीटर क्षमता के जलाशय के निर्माण बाद पम्प हाउस से राईजिंग मेन की लाइन को जलाशय से जोडा गया है। नई पेयजल लाइन से क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद संजय नौटियाल, सुरेंद्र राणा, पूनम नौटियाल, जलनिगम के ईई दीपक नौटियाल, सुरेंद्र नेगी, पार्षद भूपेन्द्र कठैत, चुन्नी लाल, कमल थापा, मनजीत रावत, विजय शर्मा, निशा शर्मा मौजूद रहे।

## सामान खरीदकर दिखा दिया फर्जी पेमेंट

देहरादून। दुकान संचालक को ऑन लाइन छह हजार रुपये भुगतान की फोटो दिखाकर दो युवकों ने फर्जीवाड़ा किया। उनके खिलाफ गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर कैंट नंद किशोर भट्ट ने बताया कि क्षितिज शर्मा निवासी गजियावाला ने तहरीर दी। बताया कि वह घट्टीखोला में हरि नारायण ट्रेडर्स नाम से दुकान चलाते हैं। 23 मई की रात दो युवक रात साढ़े आठ बजे दुकान पर आए। उस दौरान क्षितिज की माता दुकान पर थीं। वहां आए युवकों ने चार हजार रुपये का सामान लिया और कहा कि उनके पास नगदी नहीं है। इसलिए छह हजार रुपये का भुगतान कर रहे हैं।

# डे–एन0आर०एल०एम० पर बैंको की भूमिका के सम्बन्ध में हुई एक दिवसीय बैंकर्स अभिमुखीकरण कार्यशाला



हरिद्वार। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण हरिद्वार के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को विकास भवन रोशनाबाद के सभागार में डे–एन0आर०एल०एम०(दीन दयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) पर बैंको की भूमिका के सम्बन्ध में एक दिवसीय बैंकर्स अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये सहायक परियोजना निदेशक/जिला मिशन प्रबन्धक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सुनलिनीत घिल्डियाल ने स्वयं सहायता समूहों के खाता खोलने के सम्बन्ध में बैंक के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि स्वयं सहायता समूहों के सदस्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों से आते हैं। इसलिये उनके खाते खोलने में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का संज्ञान लेना चाहिये, न कि पैन कार्ड आदि के बारे में जोर देना चाहिये। उन्होंने कहा कि जब समूह के सदस्यों के खाते खुलेंगे, तो तभी वे इसके अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करते हुये अपने व्यवसाय में अभिवृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि टॉप टू बॉटम–सभी को सहयोग देंगे, तभी स्वयं सहायता समूह निरन्तर आगे बढ़ते रहेंगे।

# राजस्व प्राप्ति/वसूली के लिये समय–समय पर छापेमारी की कार्रवाई करेंः डीएम



हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय राजस्व सम्वर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व)बीर सिंह बुदियाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वन विभाग, आबकारी विभाग, एआरटीओ हरिद्वार एवं रूड़की, विद्युत विभाग, निबन्धन विभाग, राज्य कर रोडवेज हरिद्वार एवं रूड़की तथा खनन विभाग आदि के लिये राजस्व का निर्धारित लक्ष्य तथा उनके द्वारा प्राप्त/वसूले गये राजस्व का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने सभी विभागों से एक–एक करके निर्धारित राजस्व का लक्ष्य एवं राजस्व प्राप्ति/वसूली के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग के अधिकारियों से पूछे जाने जाने पर अधिकारियों ने बताया कि हमारा वार्षिक लक्ष्य 1706.15 लाख निर्धारित है तथा विभाग ने माह मार्च,2023 में 144.45 लाख रूपये के राजस्व की वसूली की। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पूछा कि गत वर्ष मार्च,2022 में कितनी वसूली की गयी थी। इस पर अधिकारियों ने बताया कि 93.08 लाख रूपये। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमारा वार्षिक लक्ष्य 34800.00 निर्धारित किया गया है, जिसमें से माह मार्च,2023 में 1643 लाख रूपये की वसूली हुई है तथा गत वर्ष माह मार्च में 36273.30 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मदिरा की दुकानों की रेट लिस्ट का नियमित रूप से अनुश्रवण करें। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों से जिलाधिकारी द्वारा जानकारी लेने पर अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह मार्च,2023 में हरिद्वार में 831.92 लाख रूपये तथा रूड़की में 598.26 लाख रूपये की वसूली हुई। जिलाधिकारी द्वारा गत वर्ष मार्च,2022 की राजस्व प्राप्ति पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि क्रमशः हरिद्वार में 542.63 लाख रूपये एवं रूड़की में 431.19 लाख रूपये की वसूली हुई। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे वाहनों की नियमित रूप से चैकिंग करें तथा नियमों का उल्लंघन करने पर संगत धाराओं में चालान काटना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बैठक में जिलाधिकारी को बताया कि माह मार्च,2023 में 36749.46 लाख रूपये की प्राप्ति हुई है तथा विगत वर्ष माह मार्च,2022 में 30831.48 लाख की राजस्व वसूली हुई थी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये वे विद्युत चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये ऐसे लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें तथा जहां पर भी विद्युत की वसूली बकाया है, उसे नियमानुसार वसूलना सुनिश्चित करें। धीराज सिंह गर्ब्याल को निबन्धन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माह मार्च, 2023 में 43.42 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ तथा गत वर्ष मार्च,2022 में 28.63 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने निबन्धन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि महीने में जितनी भी रजिस्ट्रियां होती हैं, उनमें से ऐसे पांच बड़ी–बड़ी रजिस्ट्रियों को सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे ऐसी बड़ी–बड़ी रजिस्ट्रियों का मौका–मुआयना करना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे प्रकरणों की वस्तुस्थिति से वाकिब हुआ जा सके।

# बांध प्रभावितों से मिली सामाजिक समाघात समिति

विकासनगर। लखवाड़ व्यासी बांध परियोजना के सामाजिक समाधात निर्धारण सर्वेक्षण एजेंसी की टीम गुरुवार को बांध प्रभावित क्षेत्र के प्रभावितों से मिली। टीम ने सामाजिक समाधात के विषय में उपस्थित बांध प्रभावितों को विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी देहरादून ने लखवाड़ बांध परियोजना क के सामाजिक समाधात निर्धारण सर्वेक्षण समिति प्रो.विजय सिंह रावत गुरुरामराय पीजी कॉलेज के नेतृत्व में गठित की है। जिनकी टीम में सुखचैन एवं लक्ष्मी प्रसाद शामिल है।

टीम ने बांध प्रभावित एससी एसटी जन कल्याण समिति की बैठक में पहुंचकर बांध प्रभावितों को बिस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर समिति के महामंत्री समिति के महामंत्री स्वराज सिंह तोमर ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए समाघात अध्ययन की उपयोगिता के बारे में, सर्वे टीम द्वारा ग्रामीणों को दिए गए फार्म के बारे में बिंदुवार विस्तार से जानकारी दी। कहा कि सभी लोग यह सर्वे टीम को जो कि हर गांव में घर घर जाएगी को अपना पूरा समर्थन देकर के इस फार्म को भरें जिससे सर्वे टीम अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित कर सके।समिति के अध्यक्ष जगमोहन चौहान ने सर्वे टीम द्वारा लाए गए फार्म को भरने के बाद बांध विस्थापितों को क्या लाभ मिलेगा इसके बारे में विस्तार से बताया। कहा कि जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित होने के बाद एसडीएम कालसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी जिसमें खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार कालसी, संबंधित बांध प्रभावित ग्रामों के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा संबंधित ग्रामों के राजस्व उपनिरीक्षक बतौर सदस्य गांव–गांव में जाकर के जनसुनवाई आरंभ करेंगे, जिससे बांध प्रभावितों की परियोजना संबंधित कठिनाइयों का मौके पर सत्यापन किया जाएगा।

## सीलिंग भूमि खुर्दबुर्द करने पर मुकदमा

ऋषिकेश। खदरी खड़कमाफ में सीलिंग भूमि पर एक शख्स ने चार लोगों को कब्जा करवा दिया। इस दौरान सरकारी जमीन को खुर्द–बुर्द करने का प्रयास भी किया गया। तहसीलदार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक तहसीलदार डॉ़ अमृता शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी। बताया कि राजस्व अभिलेखों में खदरी खड़कमाफ स्थित खाता खतौनी संख्या 1857 सीलिंग भूमि है। आरोप है कि विकास पुत्र त्रिलोकनाथ गुप्ता निवासी आवास–विकास, ऋषिकेश ने सीलिंग भूमि पर चार लोगों को कब्जा दिला दिया।

# धार्मिक अनुष्ठान के साथ नयें मंदिर में विराजमान हुए पवासी महासू देवता

विकासनगर। कोठीगाड बगांण पट्टी के बलावट गांव मे पवासी महासू देवता के नव निर्मित मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा देव चिन्ह पालकियों की मौजदूगी मे विधि–विधान से अनुष्ठान के साथ पवासी महाराज नये मन्दिर में विराजमान हो गये। लम्बे समय से मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों मे जुटे ग्रामीणों की मन्नत मुराद आज पूरी हो गई। धार्मिक अनुष्ठान मे बगांण, रवाई, जौनपुर, हिमाचल प्रदेश से बडी संख्या मे पहुंचकर लोगों ने देव दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पवासी महासू देवता के पुरोहित निरोडिया जयदत नौटियाल ने बताया कि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए रूद्र महा अभिषेक पाठ विधि–विधान कश्मीरी पाण्डुलिपि विधि से हवन–पूजन किया गया। गुरुवार सुबह धार्मिक रीती रिवाजों से देव चिन्हों के साथ चार दिशाएं और शिखा पूजन किया गया। मन्दिर के छत की ऊंचाई काफी अधिक होने के बावजूद भी देव शक्ति के साथ बड़े हर्षोल्लास से शिखा पूजन किया गया। शिखा पूजन के समय पूरी कोठीगाड घाटी देवी देवताओं चार महासू की जय–जयकार से गुंज उठा माहौल भक्तिमय रहा। बुधवार दोपहर से लगातार बारिश होने व्यवस्थाये अस्त व्यस्त हो गई थी लेकिन गुरुवार की सुबह नौ बजे से मौसम साफ होने से लोगो का उत्साह बढ गया।पवासी महासू देवता ठडियार की पालकी के अलावा तीन महासू बाशिक महासू, मैनदरथ बौठा महासू, हनोल चालदा महासू, दसऊ के डोरिये हिमाचल रोहडू के गडारू देवता व रायगी के शेडकूडिया देवता की पालकी के साथ बडे लाव लश्कर के साथ हजारो श्ररदालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान मे देव दर्शन व देव पालकी को कन्धा लगाकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पांशी बिल बजीर जयपाल सिंह पंवार, शेडकूडिया देवता के बजीर हरीश चन्द शर्मा, स्याणा मोहरसिह, गुलाब सिंह, अनिल चौहान, जगतसिह चौहान, मेजरसिह, देव माली भवानसिह, पण्डित जयदत नौटियाल, गीताराम नौटियाल, शम्भू नौटियाल, प्रह्लाद नौटियाल, जीतराम डोभाल, राजेन्द्र नौटियाल, रामलाल, जितेंद्र सेमवाल, कृपाल राणा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आगाज आज से



ऋषिकेश। भाजपा महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आगाज आज शुक्रवार से हो रहा है।

इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित महिलाओं से संपर्क साधा जाएगा। साथ ही जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला, उसकी वजह जानने के बाद जागरूक किया जाएगा।

गुरुवार को रेलवे रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष कविता शाह, महिला मोर्चे के जिला प्रभारी मनोज ध्यानी ने प्रवास कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार–प्रसार और मॉनिटरिंग को लेकर महिला मोर्चा की विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव उत्तराखंड के दौरे पर आ रही हैं, जो 26 और 27 मई तक उत्तराखंड के सभी 19 जिलों में प्रवास कर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित और सरकार की योजनाओं से वंचित रहे परिवारों से संपर्क करेंगी।

## बारिश से मौसम हुआ सुहावना

विकासनगर। मौसम का मिजाज बदलने के बाद गुरुवार की शाम चकराता में जोरदार बारिश हुई। बारिश के चलते मई माह में भी लोगों को सर्दी का एहसास हुआ। वहीं विकासनगर में भी देर शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे विकासनगर क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया।बुधवार को एकाएक मौसम ने करवट बदली। जिसके बाद दिनभर से लेकर गुरुवार सुबह तक बारिश होती रही। गुरुवार को सुबह से सूर्यदेव की लुक्काछीपी जारी रही व शाम तीन बजे से बारिश होने लगी और चारो ओर कोहरा छा गया।

# धूमधाम से मनाई टिहरी जनक्रांति के महानायक श्रीदेव सुमन की जयंती

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में टिहरी जनक्रांति के महानायक श्रीदेव सुमन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और मेयर अनिता ममगाईं ने श्रीदेव सुमन का भावपूर्ण स्मरण किया। गुरुवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीदेव सुमन की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उनके जीवन के बारे में बताया। मौके पर अखिलेश मित्तल, दीपक रावत, प्रशांत सिंह, मनोहर लाल, गौरव रावत मौजूद रहे। उधर, नगर निगम के स्व. इंद्रमणि बडोनी सभागार श्रीदेव सुमन की जंयती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। मेयर अनिता ममगाईं ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि श्रीदेव सुमन हिमालयी रियासतों में जनता को जागरूक करने के साथ ही उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का काम भी करते रहे। शहीद श्रीदेव सुमन नई पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देंगे।

# सरकार के दावों की खुली पोल, आयुष्मान कार्ड में सूचीबद्ध निजी अस्पताल ने मरीज से वसूले पैसे

अल्मोड़ा : उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर हल्द्वानी के निजी अस्पताल पर कार्यवाही की मांग की, जिसने आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीज से रुपयों की वसूली की तथा मरीज की मृत्यु हो जाने पर बिल भुगतान होने तक शव भी परिजनों को नहीं दिया।

मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में श्री कर्नाटक ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के आमजन को बेहतर और मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने के लिए जो आयुष्मान कार्ड योजना प्रारंभ की गई है उस आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध हल्द्वानी के एक निजी चिकित्सालय ने मरीज कुंदन सिंह रावत को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के बजाय उसके परिजनों को डरा धमका कर रूपयों की अवैध वसूली की। इस निजी चिकित्सालय के प्रबंधकों ने कुंदन सिंह को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ न देते हुए अस्पताल प्रबंधन उससे इलाज के लिए रुपयों की मांग करता रहा। आर्थिक स्थिति होने के कारण जब मरीज के रुपयों का इंतजाम करने तक अस्पताल ने उसका इलाज शुरू नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मरीज को अपने व्यक्तिगत संसाधनों से धन राशि उपलब्ध कराई गई। परिजनों के द्वारा रुपया जमा करने के बाद मरीज का इलाज प्रारंभ किया गया लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मरीज की मृत्यु हो गई। इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने तीन घंटे तक मरीज के शव को परिजनों को यह कहकर नहीं दिया कि जब तक बकाया बिल का भुगतान नहीं हो जाता, शव नहीं दिया जाएगा।



जब तक धनराशि अस्पताल में जमा नहीं की गई तब तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज का इलाज प्रारंभ नहीं किया गया। रात्रि को जितने भी टेस्ट हुए एवं जितनी भी दवाइयां आई उसका भुगतान इस निजी हॉस्पिटल द्वारा लिया गया। अगले दिन प्रातः 10 बजे कुंदन सिंह रावत का देहावसान हो गया और इस निजी अस्पताल की प्रबंध समिति द्वारा कुंदन सिंह के शव को परिजनों को ये कहते हुए नही दिया गया कि जब तक वे पूरा बिल जमा नहीं कर देते शव नहीं दिया जाएगा। पहले इस निजी हॉस्पिटल द्वारा चालीस हजार का बिल दिया गया। उन्होंने बताया की उनके द्वारा अस्पताल प्रबंधन से बात करने पर पच्चीस हजार एवं जनप्रतिनिधियों को वहां पर भेज कर बात करने के उपरांत अस्पताल चौदह हजार रुपए पर शव देने को तैयार हुआ। चौदह हजार रुपए की धनराशि देने के पश्चात् इस निजी हॉस्पिटल के द्वारा तीन घंटे के पश्चात् शव परिजनों को दिया गया। पत्र के माध्यम से बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि या तो उत्तराखंड सरकार ने आयुष्मान योजना के नाम पर गरीबों के साथ भद्दा मजाक किया है या इन निजी चिकित्सालयों को उत्तराखंड सरकार ने गरीब जनता से अवैध वसूली का लाइसेंस दे रखा है।

उत्तराखंड राज्य की जनता को क्या आयुष्मान कार्ड के द्वारा छला जा रहा है। यह एक सोचनीय विषय है। कुमाऊं के द्वार कहे जाने वाले हल्द्वानी के प्राइवेट अस्पतालों में लूट मची हुई है। कर्नाटक ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपील की कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की जाए। सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त इलाज दिए जाने की इस योजना पर भी इस निजी हॉस्पिटल के द्वारा गरीब जनता से धनराशि वसूली जा रही है जो की बहुत ही निंदनीय विषय है।

यदि पंद्रह दिन के भीतर यदि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही नहीं की गई, अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उक्त महिला को उसकी धनराशि वापस नहीं की गई और अपने कृत्य के लिए माफी नहीं मांगी तो तो वे मजबूरन हल्द्वानी में उक्त प्रकरण पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की होगी। पत्र की प्रतिलिपि भी उनके द्वारा राज्यपाल, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग, गृह मंत्री भारत सरकार, कमिश्नर कुमाऊं एवम नैनीताल के जिलाधिकारी को भेजी गई। (एजेंसी)

## लंपी वायरस की रोकथाम के लिए चलेगा रिंग वैक्सिनेशन अभियान

पिथौरागढ़ : लंपी वायरस की रोकथाम के लिए रिंग वैक्सिनेशन किया जाएगा। जिस क्षेत्र में लंपी वायरस के लक्षण मिले हैं उसके 5 किमी. इलाके में सघन वैक्सिनेशन किया जाएगा। जिले में अभी तक लंपी वायरस की चपेट में आने से 15 पशुओं की मौत भी हो चुकी है। लंपी वायरस की रोकथाम के लिए पशुपालन मंत्रालय के संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय तेवतिया व प्रधान वैज्ञानिक आईसीएआर बंगलौर के डॉ. मंजूनाथ रेड्डी ने अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ बैठक की। जिस इलाके में लंपी वायरस के लक्षण तेज बुखार, दूध उत्पादन में कमी, त्वचा की गांठ, भूख न लगना, नाक से पानी निकलना, पैर में सूजन आना हैं। उस क्षेत्र में 5 किमी. के दायरे में वैक्सिनेशन किया जाएगा। नेपाल सीमा से लगे 5 किमी. के इलाके में पहले पशुओं का वैक्सिनेशन होगा। डिप्टी सीवीओ डॉ. पंकज जोशी ने बताया कि वर्तमान में 2399 पशुओं में लंपी वायरस की पुष्टि हुई है। जिसमें से 1 हजार 910 पशु स्वस्थ हो चुके हैं और अभी 474 पशु अभी लंपी वायरस से ग्रसित हैं, जिन्हें टीकाकरण की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि अभी तक जनपद में 15 पशुओं की लंपी वायरस के चपेट में आने से मौत हो चुकी है।

## समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



पिथौरागढ़ : एलएसएम महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सज्जन छात्रावास की मरम्मत व मुख्य द्वारों का नवीनीकरण करने की मांग की है। छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक पाण्डेय व सांस्कृतिक सचिव गौरव चंद्र पंत ने समस्याओं को लेकर सांसद अजय टम्टा को ज्ञापन दिया। सांसद टम्टा ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान विवि प्रतिनिधि शिवम कापडी, छात्रावास के अध्यक्ष कपिल चंद्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अवैध वसूली की जांच कर एसएचओ रिपोर्ट को 28 जून तक कोर्ट में सौंपेगें

नैनीताल : हाईकोर्ट ने देहरादून की विकास नगर तहसील में हाट बाजार व्यवसायियों से अवैध वसूली करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो शिकायत की सीडी उन्होंने कोर्ट में पेश की है उसकी प्रति विकास नगर एसएचओ के सामने पेश करें।

एसएचओ उसकी जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में 28 जून तक पेश करेंगे। मामले के अनुसार विकास नगर निवासी मोहम्मद इस्लाम ने जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया है कि विकास नगर में हाट बाजार लगाया जाता है।

## डीएम ने अधिकारियों को दिये शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

अल्मोड़ा : मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लेवल एल 01 तथा लेवल एल 02 के अधिकारियों को अपने–अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समय–समय पर मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हैल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दर्ज शिकायतों को प्रत्येक दिन अपनी लॉगिन आईडी में देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के लिये नोडल अधिकारी नामित करते हुये आगामी बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर दर्ज शिकायत पर की गयी कार्यवाही से अवगत कराया जाय साथ ही लंबित शिकायतों में



समयबद्धता का ध्यान में रखते हुये उनका निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि एल3 तथा एल4 स्तर पर मामलों को जाने से पूर्व ही निस्तारित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि एल1 के स्तर की शिकायतों का निपटान करने हेतु 15 दिनों की समय सीमा का पालन करने के निर्देश गए। साथ ही उन्होंने वर्तमान में जिन विभागों में अधिक लंबित शिकायतें दर्ज हैं उनका निस्तारण तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि बिना किसी ठोस कारण के तथा बिना कार्यवाही के शिकायत एल3 तथा एल4 पर न जाय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय।

## पुलिस ने 105 बाहरी व्यक्तियों का किया सत्यापन

अल्मोड़ा : जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु ने पुलिस अधिकारियों, कार्मिकों को निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कर रहे हैं। रानीखेत क्षेत्राधिकारी तिलक राम वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत अरुण कुमार द्वारा एसएसआई सुनील सिंह बिष्ट व थाने के पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में आयोजित उर्स मेले में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाहर से आकर मेले में दुकान लगाने वाले 65 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। मेला कमेटी व दुकानदारों को उचित हिदायत दी गई कि कोई भी व्यक्ति बिना सत्यापन के मेले में दुकान नही लगाएगा। वहीं लमगड़ा थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत द्वारा चौकी प्रभारी मोरनौला उपनिरीक्षक संजय जोशी व थाने



के पुलिस बल के साथ थाना/चौकी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर 40 किरायेदारों व मजदूरों का सत्यापन किया गया। इस दौरान दुर्गानगर, लमगड़ा में एक ठेकेदार दीपक जोशी, निवासी बाड़ेछीना अल्मोड़ा द्वारा अपने मजदूरों का सत्यापन नही कराया गया था, जिस पर ठेकेदार का मौके पर ही पुलिस एक्ट के तहत 5000 रूपये का नगद चालान किया गया तथा लोगों को किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरूक किया गया। (एजेंसी)

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन

रुद्रपुर : ग्राम गोठा, लौका, नकहा, सिंधीडेरा, गुरुनानकनगरी, बनकुइयां के ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के माध्यम से सीएम को मांग पत्र भेजकर वन विभाग, सिंचाई विभाग पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहा है कि सिंचाई विभाग जगह खाली कराने को मुनादी कर रहा है जबकि वन विभाग सर्वे करने और अपनी भूमि बताकर इन गांवों को खाली करने के लिए सूची बनाने की बात कर रहा है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि गांवों में सरकार की ओर से सुविधायें दी गयी हैं।

## सरोवर नगरी में मूसलाधार बारिश के साथ गिरे ओले

नैनीताल : सरोवरनगरी में लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है। गुरुवार को मूसलाधार बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे नगर का तापमान गिर गया। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को फजीहत का सामना करना पड़ा। नैनीताल में बीते मंगलवार की रात में आंधी–तूफान के बाद बुधवार को दिनभर बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। गुरुवार को भी सुबह से ही नैनीताल में घने बादल छाए रहे। साथ ही कोहरे ने भी दस्तक दी। दोपहर बाद अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक जमकर मेघ बरसे। जिसके बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। क्षणिक हुई ओलावृष्टि से आम जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद तापमान गिरने पर ठंड में इजाफा हो गया है। देर शाम एक बार फिर बारिश का मौसम बना और गरज के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिला मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में 5 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई। जबकि तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। नैनीताल में मौसम खराब होने के बाद बारिश एवं ओलावृष्टि के चलते पिछले 2 दिन में पारे में भारी



गिरावट हुई है। इस दौरान 7 डिग्री सेल्सियस तक तापमान लुढ़का है। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी संजय पवार ने बताया कि नैनीताल में 2 दिन पूर्व अधिकतम तापमान 27 जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। अब घटकर गुरुवार को अधिकतम तापमान 20 तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

## एसटीएफ और पुलिस ने किया यूपी का अवैध हथियार डीलर गिरफ्तार

रुद्रपुर : उत्तराखंड एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद उत्तर प्रदेश के अवैध हथियार डीलर इश्तियाक उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। वह उत्तराखंड और यूपी में काफी समय से अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था।

पुलिस ने उसके कब्जे से सेमी ऑटोमेटेड पिस्टल, तमंचे, कारतूस और मैगजीन बरामद की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी 2008 से हथियारों की तस्करी कर रहा था और अभी तक चार सौ से अधिक हथियार बेच चुका है।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि एसटीएफ को बुधवार को गोपनीय इनपुट मिला कि एक आरोपी हथियारों की बड़ी खेप लेकर उत्तराखंड की सीमा पर आ रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने बरा क्षेत्र में आरोपी की घेराबंदी की। इस दौरान जब उसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। वहीं पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर करते हुए आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी ने अपना नाम बहेड़ी निवासी इश्तियाक उर्फ सोनू पुत्र अब्दुल अजीज बताया। उसने बताया कि वह वर्ष 2008 से हथियारों की तस्करी कर रहा है।

वह यूपी के एटा, कानपुर के मुरैना, राजस्थान के अलवर से हथियार मंगाकर यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में सप्लाई करता है। इसी के चलते उसके खिलाफ कई राज्यों में आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि आरोपी इश्तियाक अवैध हथियारों का बड़ा सौदागर है, जो कि यूपी और उससे लगे राज्यों में अवैध हथियारों का बड़ा नेटवर्क चला रहा था।

पुलिस टीम पिछले कई महीनों से इस पर काम कर रही थी। वहीं बुधवार की रात टीम को सूचना मिली कि इश्तियाक का मूवमेंट उत्तराखंड की तरफ हो रहा है। इस पर टीम को अलर्ट कर लोकल पुलिस की मदद से एक ज्वांइट ऑपरेशन कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई। (एजेंसी)

## हाईस्कूल में हिमांशी सिंघल ने किया विद्यालय टॉप

रुद्रपुर : श्री कृष्ण मर्चेंट एसोशिएशन इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा में 180 विद्यार्थियों में 55 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उर्तीण हुए। इसमें हिमांशी सिंघल ने 92.8 प्रतिशत, धर्मेन्द्र मौर्य ने 91.6 प्रतिशत और विशाल मौर्य ने 90. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीटिएड की परीक्षा में 271 विद्यार्थियों में 146 प्रथम श्रेणी में पास हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि अधिकांश विषयों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य समेत सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। (एजेंसी)

## भाजपा प्रत्येक बूथ में करेगी जन संपर्क



पिथौरागढ़ : भाजपा डीडीहाट मंडल कार्यसमिति की बैठक में महासंपर्क अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान 9 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक बूथ में जाकर संपर्क करने का निर्णय लिया। डीडीहाट विधानसभा की भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक मण्डल अध्यक्ष मनोज कन्याल की अध्यक्षता में हुई। डीडीहाट विधायक विशन सिंह चुफाल ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा। पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र वल्दिया ने कार्यक्रमों की रुपरेखा व संयोजक राकेश देवलाल ने महासंपर्क की तिथियों के बारे में बताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गेहराज पाण्डे, ब्लाक प्रमुख सुनीता कन्याल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिमन कन्याल, देवी दत्त जोशी, योगेश चंद, गणेश राम, संजीव जोशी, मनोज लुंठी, रविंद्र कुमार, कमल कन्याल, जीवन कापडी, कुंदन बोरा मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 138 लोगों के पुलिस ने काटे चालान

अल्मोड़ा : जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु ने समस्त थाना, चौकी प्रभारियों व निरीक्षक, उपनिरीक्षक, यातायात, प्रभारी इंटरसेप्टर को ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक स्थान/पर्यटक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग/गंदगी करने व यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

अल्मोड़ा पुलिस द्वारा बुधवार को ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक एवं पर्यटक स्थलों के आस–पास शराब पीकर हुड़दंग करने और गंदगी करने पर 32 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में



चालानी कार्यवाही कर 14,200 रुपये जुर्माना वसूला गया तथा चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 106 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 59,000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। (एजेंसी)

## पार्किंग निर्माण की गुणवत्ता पर उठाएं सवाल

नैनीताल : नगर पालिका परिषद के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने पर्दाधारा क्षेत्र में नाले के ऊपर किए जा रहे पार्किंग निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में डीएम वंदना सिंह चौहान को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है, कि यहां तैयार की जा रही पार्किंग के निर्माण में उच्च कोटि की सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। भविष्य में कोई बड़ी घटना न घटे इससे पूर्व संबंधित निर्माणकर्ता को दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। साथ ही यह भी कहा है, कि नाले के ऊपर बनाई जा रही पार्किंग का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। (एजेंसी)

## प्रधानाचार्य पर लगाया मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप, बीईओ को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर : राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों को हो रही समस्याओं का समाधान करने की मांग की। बीईओ को सौंपे ज्ञापन में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडेय ने कहा कि अटल उत्कृष्ट स्कूलों में सीबीएसई की परीक्षा में परीक्षाफल संतोषजनक नहीं आने से शिक्षकों पर जवाबदेही न समझा जाए। समीक्षा कर इनका समाधान निकालने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

गदरपुर बीईओ भाष्करानंद पाण्डेय को सौंपे गए ज्ञापन में दिनेशपुर के हरिदासपुर प्रधानाचार्य के द्वारा शिक्षिकाओं पर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा गया कि शिक्षिकाओं पर उत्पीड़न यदि बंद नहीं हुआ तो जिला स्तर के शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षिकाओं और छात्राओं के हित में प्रधानाचार्य के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। संघ के महामंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना ने कहा कि किसी भी स्तर से दुर्गम और सुगम श्रेणी के आधार पर भेदभाव नहीं करने की बात कही। वहीं हरिदासपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मंदाकिनी शर्मा ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया।

स्कूल के कुछ शिक्षक स्कूल के नियमों का पालन करना नहीं चाहती है। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षक संघ अध्यक्ष बंशीधर पांडेय, महामंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना समेत अन्य शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं बीईओ गदरपुर भास्करानंद पांडे ने बताया कि राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई के द्वारा संबंधित प्रधानाचार्य के व्यवहार को लेकर शिक्षकों के संतुष्ट न होने को लेकर ज्ञापन दिया है। प्रधानाचार्य को सूचित किया गया है कि शिक्षकों के साथ बैठकर मामले का समाधान निकालें। (एजेंसी)

# बड़ी लिनचोली में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन



रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ–स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में केदारनाथ यात्रा मार्ग में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गढ़वाल मंडल विकास निगम, जिला पंचायत, सुलभ इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में बड़ी लिनचोली में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक गढ़वाल मंडल विकास निगम सुदर्शन खत्री ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा को स्वच्छ और सुगम बनाने की मुहिम के अंतर्गत अंतर्गत आज बड़ी लिनचोली में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लिनचोली क्षेत्रांतर्गत यात्रा मार्ग से कूड़े कचरे को एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में गढ़वाल मंडल विकास निगम, जिला पंचायत तथा सुलभ इंटरनेशनल के कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया।

उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त यात्रा मार्ग पर न केवल स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई अपितु स्वच्छता कर्यक्रम भी चलाया गया जिसमें लगभग दो क्विंटल प्लास्टिक एवं कूड़ा एकत्रित किया गया। रैली कार्यक्रम के दौरान केदारनाथ धाम में आ रहे तीर्थ यात्रियों सहित स्थानीय व्यापारियों को यात्रा मार्ग व केदारनाथ धाम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़े को डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित कर जागरूक किया गया ताकि केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग में स्वच्छता बनी रहे।

इस अवसर पर जीएमवीएन के अवर अभियंता डीएस राणा, मैनेजर गांधी आर्य सहित जिला पंचायत, सुलभ इंटरनेशनल व पर्यावरण मित्रों सहित स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

### ओलावृष्टी से हुए नुकसान का मुआवजा देने की किसानों ने जिला प्रशासन से की मांग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत हुई ओलावृष्टि से सेब सहित विभिन्न फलदार फसलों को भारी नुकसान हुआ। पीड़ति किसान, बागवानो के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर उचित मुआवजे की मांग की है। बुधवार शाम को क्षेत्र के देवघार, बाबर, शिलगांव, फनार, लखौ, बाणाधार खतो मे अलग अलग गांव मे मेघाटू, भगवत, सोलंग, सासगीर, भाटगढी, झिटाड, बानपूर, शेडिया, खडकीनल, कुलाह, बागीया, रडू मुंधौल, पुरटाड, निनूस, बागी, ओबरासैर, कुणा, बासतील, चौसाल, देवडाबाग, काईनाधार, अगेडी, नुडाईथात, सारनी डांडी, शौधार, कुसोन, किशोरी, किस्तूड, निमगा, केराड, मानडथात, भंदरौली आदि गांव में शाम के समय भयंकर ओलावृष्टि हुई, जिससे सेब पुलम खुमानी आडू नाशपाती आदि फसल को नुकसान हुआ है। तहसील क्षेत्र के किसान बागवानो ने गुरुवार को तहसील कार्यालय त्यूणी पहुंचकर तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। किसान बागवानो ने राजस्व विभाग, उद्यान विभाग से उचित मुआवजे दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में परमेश रावत, प्रह्लाद जोशी, रामेश्वर, शान्ति, राम रमेश डोभाल, विक्रम सिंह, मुन्ना राम, जगबीर, चंदर सालटा, नीरज शर्मा, सचिन, अमित, प्रमोद, यशपाल, श्यामसिंह, अनिल, चरणसिह आदि शामिल रहे।

# थराली मुख्य बाजार का पुल हुआ क्षतिग्रस्त

चमोली। पिंडर घाटी की लाइफ लाइन समझे जाने वाला थराली मुख्य बाजार का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इस पुल से थराली–देवाल के 400 से अधिक गांवों का सड़क सम्पर्क प्रभावित हो सकता है ।

गुरुवार को थराली मुख्य बाजार के पुल के क्षतिग्रस्त होने से वाहनों का आवागमन थम गया है। पुल का गाडर क्षतिग्रस्त होने से पुल के बीच का हिस्सा घंस गया है। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से थराली के 150 तथा देवाल के 250 से अधिक गांवों का सड़क सम्पर्क प्रभावित हो रहा है। 2013 की आपदा में भी इस पुल का 1 अवटमेंट टूट गया था। जिसे बाद में रिपेयर किया गया था। थराली व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, प्रेम बुटोला का कहना है कि पुल पर भारी वाहनों के संचालन न किये जाने की चेतावनी के बाबजूद किसी ने अमल नहीं किया, जिस कारण पल क्षतिग्रस्त हुआ है। इधर लोनिवि पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण इस पर ओवर लोडिंग मान रहा है। लोनिवि के सहायक अभियंता बी एस बस–ेड़ा ने बताया पुल की भार क्षमता 16.2 टन है। लेकिन वर्तमान में खनन सामाग्री के वाहन लगातार इस पर चल कर ओवर लोडिंग कर रहे हैं। इस बाबत उप जिलाधिकारी थराली को लिखित जानकारी भी दे दी गई थी । अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया पुल का नम्बर नौ का पैनल धंस गया है। उसकी मरम्मत की जायेगी।

## उत्तराखंड जागृति मंच ने की बदहाल मार्ग की सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत दर्ज

विकासनगर। उत्तराखंड जागृति मंच के प्रदेश महासचिव ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की है, जिसमें बताय गया है कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक से सैय्यद रोड तक मार्ग की हालत काफी खराब है। मार्ग पर जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। और बरसात के समय इनमें पानी भर जाता है, जिससे आनेजाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जागृति मंच के प्रदेश महासचिव सुशील कुक्की ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करते हुए बताया कि ग्रामीण बैंक से सैय्यद रोड तक मार्ग की हालत बदहाल हो रखी है, जिससे यहां से गुजरने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया बारिश होते ही इस मार्ग में जलभराव हो जाता है, और मार्ग तलाब का रूप ले लेता है, जबकि यह मार्ग नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत है। इस मार्ग पर दिन रात वाहनों का भारी दवाब रहता है। जिससे यहां पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बताया मार्ग पर दो सौ से अधिक छोटे–बड़े गड्ढे बने हुए है। बताया जिसके बारे में कई बार नगपालिका को बताया जा चुका है, और स्थानीय विधायक को भी शिकायत की गयी। लेकिन इसके बावजूद अब तक मार्ग की मरम्मत नहीं हुई।

# कंटेनर (ट्रक) की छत पर सो रहे ट्रक चालक की संदिग्ध स्थितियों में मौत

हरिद्वार। सिडकुल की सरकारी पार्किंग में खड़े कंटेनर (ट्रक) की छत पर सो रहे एक ट्रक चालक की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस गुरुवार सुबह जब पार्किंग में खड़े अन्य ट्रक चालक सोकर उठे तब ट्रक चालक खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि देर रात तेज तूफान आने के कारण ट्रक चालक जमीन पर गिरा होगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मृत चालक को पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया है। ट्रक चालक बदायूं यूपी का निवासी है। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात रविंद्र (25) वर्ष पुत्र राजाराम निवासी रसूलपुर थाना बिनावर जिला बदायूं उत्तर प्रदेश बीते दिन गाड़ी में माल लेकर सिडकुल की एक कंपनी आया था।

ट्रक पार्किंग में लगाकर रात्रि विश्राम के लिए कंटेनर के ऊपर सो गया। कंटेनर के उपर दोनों ओर किसी तरह की कोई सपोट नहीं होती है। रात में तेज हवा का झोंका लगा तो वह सिर के बल फर्स पर गिर गया। रात में किसी को उसके गिरने की आवाज नहीं आई। सुबह ट्रक चालक मृत पड़ा था। कार्यवाहक थाना प्रभारी देवेंद्र चौहान ने बताया कि कंटेनर की ऊंचाई भी करीब बीस फिट से ज्यादा है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

### गोकशी का फरार आरोपी पकड़ा

रुडकी। पिछले दिनों लक्सर पुलिस ने जैनपुर गांव के पास खेतों में गोकशी का एक मामला पकड़ा था। जैनपुर का नौशाद पुत्र इरशाद इस मुकदमे में नामजद था और फरार चल रहा था। बीती रात कोतवाली के एसएसआई अंकुर शर्मा व लाल सिंह ने गांव में छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### पति समेत ससुराल के छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

रुड़की। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत ससुराल के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उप निरीक्षक चंद्र मोहन सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। सिविल लाइंस कोतवाली को खंजरपुर निवासी महिला ने बताया कि शाहरुख निवासी ज्वालापुर से 28 अप्रैल 2012 को प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह से नाराज कुछ समय तक परिजन नाराज रहे थे। लेकिन उसके बाद दोनों परिवारों में बातचीत शुरू हो गई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज की मांग करने लगा। इसके बाद परिजनों ने लाखों रुपये का सामान ससुराल पक्ष को दिया था। लेकिन दहेज मिलने के बावजूद भी ससुराल पक्ष खुश नहीं हुआ।

# भाजयुमो पदाधिकारियों का स्वागत किया



रुड़की। भाजयुमो के नगर मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने केश–ावनगर में बैठक कर पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने इन सभी को माला पहनाकर स्वागत भी किया। मोर्चा के जिला मंत्री विकास चौधरी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई।

बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी में वरुण कुमार, अनुज वाल्मीकि, राजविंद्र सिंह को उपाध्यक्ष तथा राहुल रावल, विवेक कश्यप को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। शुभम प्रजापति, प्रशांत गर्ग, पवन कश्यप मंत्री, सचिन मित्तल कोषाध्यक्ष, रजत मित्तल सोशल मिडिया प्रभारी व धर्मवीर सिंह मिडिया प्रभारी बने हैं। प्रभात शम्र, आयुष गोयल, सचिन शर्मा, बलवंत सिंह, राहुल कुमार, संदीप वर्मा, वंश तायल, आशीष कश्यप, शशि कुमार, प्रताप कुमार को सदस्य बनाया गया है।

## अठारह के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

रुड़की। ऊर्जा निगम की तहरीर पर पुलिस ने चोरी के आरोप में 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र राठी ने बताया कि अवर अभियंता ने तहरीर देकर बताया कि लाइन पर कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। ऊर्जा निगम ने केबिल जप्त कर लिए है। पुलिस ने गांव साढ़ोली निवासी साकेश, राजेंद्र, बृजेश, मीनू शर्मा, शिव कुमार, संजय, प्रवीण, कालू, अखिलेश, पुनीत, अरविंद, सोनिया, अजीत, रविंद्र, पवन, ताराचंद, आनंद सिंह, कमलेश के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

## सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो डालने पर केस

रुड़की। तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट दिखाना एक युवक को भारी पड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के आदेश पर सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने वाली वीडियो भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक युवक ने अपने हाथ में देसी तमंचा लेकर उसकी वीडियो बनाई और पोस्ट को सोशल मीडिया पर डाल दिया। एक ग्रामीण ने पुलिस को जानकारी दी। इस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल, पुलिसकर्मी अजीत तोमर को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## चाकू के बल पर नगदी और मोबाइल लूटने का आरोप

रुड़की। भगवानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर तीन बाइक सवार युवकों पर चाकू के बल पर नगदी और मोबाइल फोन लूटने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

भगवानपुर थाना क्षेत्र के सिसौना गांव निवासी दिलशेर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे वह बाइक से अपनी ससुराल मोहम्मदपुर पांडा गांव में शादी में शामिल होने के लिए आया हुआ था। वह कलियर से कुछ जरूरी सामान खरीदकर अब्दाल शाह रोड पर पुलिया के पास पहुंचा तो बाइक सवार तीन युवक ने उसे टक्कर मारकर रोक दिया। चाकू के बल पर उससे करीब 10 हजार रुपये की नगदी, एक मोबाइल फोन और पर्स में रखा आधार कार्ड लूट लिया।

## राष्ट्र भक्ति से ओत–प्रोत शिक्षा देना उद्देश्य

रुड़की। विद्या भारती उत्तराखंड की ओर से 10 दिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन आनन्द स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में किया गया।

आचार्य दक्षता वर्ग का उद्घाटन प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती डॉ. विजयपाल सिंह, भूकम्प विशेषज्ञ आईआईटी रुड़की डॉ. मुकुट लाल शर्मा, नत्थीलाल बंगवाल, सुरेशानन्द जोशी, मनोज रयाल, त्रिवेन्द्र सिंह, अमरदीप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इसमें उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के विद्या मंदिर विद्यालयों के 65 शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दक्षता वर्ग में शिक्षण कौशल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विषय प्रशिक्षण, कक्षा प्रबन्धन, शिक्षण विधि, शिक्षण तकनीक, मूल्यांकन तकनीक, खेल–कूद एवं बौद्धिक गतिविधियों का संचालन विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डॉ. विजयपाल सिंह ने कहा कि विद्या मंदिर का शिक्षक सामान्य शिक्षक नहीं होता। केवल अंक एवं अक्षर ज्ञान से ही शिक्षा नहीं दी जाती अपितु राष्ट्र भक्ति से ओत–प्रोत शिक्षा देना हमारा उद्देश्य है।

## मंगलौर में विद्यार्थियों का प्रदर्शन रहा शानदार

रुड़की। दुर्गा मॉडल इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। अजय बर्मन 92.02 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। दूसरा स्थान पर नाहिद परवीन 90.80, तीसरे स्थान पर अजरा 90.20 प्रतिशत अंक लाकर रही।

तीनों विद्यार्थियों ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट में पंजीकृत सभी 66 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाई स्कूल में परी अग्रवाल 92.20 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉपर बनी, दूसरे स्थान पर साद रजा 88.80 प्रतिशत व तीसरे स्थान पर अंश कुमार 88.60 प्रतिशत रहे। प्रबंधक धन प्रकाश शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को बधाई दी। केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा।

# पॉड टैक्सी और कॉरिडोर के खिलाफ व्यापारियों ने निकाला मार्च



हरिद्वार। प्रदेश व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने गुरुवार को पॉड टैक्सी और कॉरिडोर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। नाई सोता घाट से छोटी सब्जी मंडी तक पैदल मार्च कर अपना विरोध दर्ज कराया। मार्च को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चौटाला ने कहा कि हरिद्वार में विकास के नाम पर विनाश हो रहा है। सरकार को व्यापारियों का विरोध देखते हुए पॉड टैक्सी व कॉरिडोर के रूट में बदलाव करना चाहिए। अन्यथा बड़ा आंदोलन हरिद्वार बचाने को लेकर किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुमित अरोड़ा एवं जिलाध्यक्ष सर्वेश्वर मूर्ति भट्ट ने कहा कि दोनों योजनाओं को लेकर व्यापारियों में भय का माहौल है। महानगर अध्यक्ष किशन बजाज ने कहा की हरिद्वार का 70फीसदी हिस्सा रोड़ी बेलवाला खाली पड़ा है। पॉड टैक्सी का संचालन गंगा किनारे किया जाना चाहिए। कॉरिडोर लालतारौ पुल से रोड़ीबेल वाला होते हुए बने। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन बिना व्यापारियों को साथ लिए डीपीआर जारी कर रहा है। विरोध करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भागवत अग्रवाल, मयंक मूर्ति भट्ट, चंदशेखर गोस्वामी, सागर कुमार, मधुर अरोड़ा, विमल सेक्सेना, मनोज सिरोही, अभिषेक गौड, राहुल चौहान, गोकुल सिंह रावत, प्रवीण शर्मा, अतीश वर्मा, विनीत गुप्ता, विपिन मेहता, मयंक गुप्ता, गुड्डू अग्रवाल, मनोज बिश्नोई, विजय शर्मा आदि शामिल रहे।

### ट्रैक्टर निकालने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

रुड़की। मक्खनपुर गांव में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से ईंट, पत्थर लाठी–डंडे चलने लगे। दोनों पक्षों के चार लोग घायल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मक्खनपुर गांव के बीच रास्ते से ट्रैक्टर निकाले जाने को लेकर दो आमने–सामने आ गए। उनके बीच कहासुपी के बाद मारपीट हो गई। विवाद में ईंट, पत्थर भी चले। इसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया।

दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि दो ट्रैक्टरों को सीज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा की विफलताओं से जनता को अवगत कराना होगा: प्रीतम सिंह



हरिद्वार। विधायक और कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने लालढाग क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरजीत लहरी के आवास पर उन्होंने कार्यकर्ताओं में आगामी 2024 लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की। और रणनीति के तहत तैयारी करने का आग्रह किया। प्रीतम ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फैल हुई है। महंगाई से जनता परेशान है। सरकारी भर्तियों का घपला सबके सामने है। इन सबका जवाब भाजपा को चुनाव में जनता को देना होगा। हमें एकजुट हो भाजपा की विफलताओं से जनता को अवगत कराना होगा। उनके साथ प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, विजयपाल सजवाण, राजकुमार, और पूर्व दर्जाधारी डॉ. संजय पालीवाल, गुरजीत लहरी, श्यामपुर पूर्व प्रधान साबिर अली अंसारी, पूर्व प्रधान हेमराज सिंह, गजेंद्र सिंह, टीका राम सैनी, पुनीत, संदीप ग्रेवाल, विजेंद्र सैनी, संदीप लहरी, हकीमुल्लाह उस्मानी, कासिम मलिक आदि शामिल रहे।

# आगामी प्रयागराज महाकुंभ मेले की तैयारियों को अखाड़ा परिषद ने की चर्चा

हरिद्वार। वर्ष 2025 में होने वाले प्रयागराम महाकुंभ मेले की तैयारियों को अखाड़ा परिषद ने चर्चा की। अखाड़ा परिषद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ के संबंध में मुलाकात करेगा। पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी तथा अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्र दास ने बैरागी कैंप स्थित श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर चर्चा की। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है। सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष एवं देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु महाकुंभ स्नान करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन में लगभग डेढ़ वर्ष का समय रह गया है। इसको देखते हुए महाकुंभ आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी जानी चाहिए। जिससे महाकुंभ स्नान के लिए अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। महामंत्री श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि अखाड़ा परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर वार्ता करेगा।

## सरकारी रुपये का प्रयोग जनहित में होना चाहिए: विधायक

हरिद्वार। ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेलीवाला में सड़क निर्माण कार्य का विधायक रवि बहादुर ने स्थानीय निवासियों के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि सरकारी रुपये का प्रयोग जनहित में होना चाहिए। विधानसभा क्षेत्र में अभी बहुत कार्य होने हैं। लोगों से कार्य के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नदीम अली, प्रधान मीर आलम, आबाद खान, जगपाल सिंह, सैफ अली, बाबर अली, नफीस अली, सोनू कश्यप, महरूफ सलमानी आदि शामिल रहे।

# दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

हरिद्वार। चंडीघाट पुल पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

परिजन की शिकायत पर श्यामपुर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

क्षेत्र की गली नंबर पांच कृष्ण कालोनी के रहने वाले नवीन चंद्र भट्ट पुत्र प्रेम बल्लभ भट्ट अपने साथी हेम जोशी के साथ बाइक पर सवार होकर शहर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह चंडी पुल पर पहुंचे तब विपरित दिशा से आ रही एक कार ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। आनन फानन में गंभीरवस्था में युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एम्स ऋषिकेश रैफर कर दिया गया। एम्स में उपचार के दौरान नवीन चंद्र भट्ट ने दम तोड़ दिया जबकि हेम जोशी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के भतीजे सुनील ने इस संबंध में कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। कार्यवाहक एसओ शशि भूषण जोशी ने बताया कि दुर्घटनास्थल से फरार हुए कार चालक की तलाश की जा रही है।

## गुस्साए लोगों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

रुड़की। बुधवार रात में एक डंपर से तीन युवकों को कुचल दिए जाने की घटना से गुस्साए भारतीय किसान यूनियन पटेल ने लक्सर तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ की मौजूदगी में एसडीएम कार्यालय में बैठक हुई। इसमें परिवार को 15–15 लाख का मुआवजा दिए जाने सहित सात सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। उप जिलाधिकारी ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। लक्सर पुरकाजी नेशनल हाईवे मार्ग पर एक टायर फैक्ट्री के निकट बाइक पर सवार बिजोपुरा गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक, 35 वर्षीय सागर और रायसी निवासी 30 वर्षीय भूरा को डंपर ने टक्कर मारकर कुचल दिया था। दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### कोचिंग संस्थान का ताला तोड़ लेपटॉप–मोबाइल फोन व नकदी चोरी

हरिद्वार। एक कोचिंग संस्थान का ताला चटकाकर लेपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी उड़ा ली गई। संस्थान संचालिका ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराते हुए जल्द घटना के खुलासे की मांग की है।

घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में पुलिस जुटी है।

# यूपी रोडवेज चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुड़की। दुर्घटना में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने रोडवेज चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस रोडवेज नंबर के आधार पर चालक के बारे में पता लगाएगी।सिविल लाइंस कोतवाली को दहियाकी कोतवाली मंगलौर निवासी ओमवीर सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुनीता के साथ मंगलवार को बस अड्डे उतरे थे। दोनों पैदल पंजाब नेशनल बैंक की शाखा जा रहे थे। इस बीच नीलम टॉकीज की ओर बस मुड़ी थी। जिसने पत्नी को टक्कर मार दी थी। पत्नी को दुर्घटना में गंभीर चोटें लगी थी। जहां डॉक्टरों ने उसे एम्स के लिए रेफर कर दिया था लेकिन, पत्नी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। उप निरीक्षक बारु सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर यूपी रोडवेज के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विधायक ने पानी की टंकी पर लगवाया जनरेटर

हरिद्वार। क्षेत्र में दो दिनों से हो रही पानी की किल्लत को देखते हुए विधायक अनुपमा रावत ने कई गांवों की टंकी पर जरनेटर लगाकर पानी की समस्या को दूर किया। गांव मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, किसनपुर, कटारपुर जियापोता, अजीतपुर, फेरुपुर आदि गांवों में बिजली न होने से पानी की समस्या हो रही थी।

## सम्पादकीय

# नेपाल में भू-राजनीतिक होड़

चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी उसका फायदा मिल रहा है। यह बात नेपाल के टीकाकार भी कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में आज उनके देश को जितना महव मिल रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। संभवतः इसकी वजह यही रही होगी कि पहले कभी दुनिया का यह हिस्सा भू-राजनीतिक होड़ का वैसा केंद्र नहीं था, जैसा इस समय बन गया है। चीन की बढ़ी ताकत और उसे नियंत्रित करने की अमेरिकी कोशिश ने दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को विश्व शक्ति समीकरणों का मुख्य मंच बना दिया है। इसके बीच छोटे से छोटे देश की अहमियत बन गई है। नेपाल को भी फिलहाल उसका फायदा मिल रहा है, हालांकि लंबे समय इस क्षेत्र के हर देश के सामने यह तय करने की चुनौती आएगी कि वह किसके साथ है। फिलहाल नेपाल में कम्युनिस्ट प्रभाव वाली सरकार बनने के बावजूद अमेरिका ने उसे अपने पाले में लाने की कोशिशों में कोई ढील नहीं दी है। जबकि आम धारणा है कि हालिया घटनाक्रम से स्थितियां चीन की तरफ झुकी हैं। बहरहाल, अमेरिकी अधिकारियों का नेपाल दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मुताबिक जारी है। यूएस एजेंसी फर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसएड) की प्रशासक समांत पवर इस मंगलवार को यहां पहुंचीं। इसी बीच यह जानकारी सामने आई कि अगले हफ्ते अमेरिका की उप सहायक विदेश मंत्री आफरीन अख्तर यहां आएंगी। इसके कुछ दिन पहले ही अमेरिका की राजनीतिक मामलों की उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड ने काठमांडू की यात्रा की। उन्होंने यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत की थी। उस दौरान उन्होंने नेपाल के नेताओं को आगाह किया कि पड़ोसी देशों से संबंध बनाते समय उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। खास कर ऐसा आर्थिक मामलों में करना चाहिए। स्पष्टतरू नुलैंड का इशारा चीन की तरफ था। हाल ही में अमेरिकी पत्रिका फरेन पलिसी में छपे एक विश्लेषण में अमेरिकी रणनीति में नेपाल के बढ़ते महव की चर्चा की गई है। इसमें कहा गया कि चीन के साथ बढ़ती होड़ के कारण अमेरिका ने अपनी रणनीति में नेपाल को खास लक्ष्य बना लिया है। आम समझ है कि फरेन पलिसी पत्रिका में छपे विचार आम तौर पर अमेरिका की रणनीतिक सोच के अनुरूप होते हैं।

## जिस जी–20 का हल्ला है!

अब यह बात अमेरिका की तरफ से लगभग आधिकारिक रूप से कह दी गई है कि अब वह जी–7 को ही एकमात्र प्रासंगिक मंच मानता है। जापान स्थित अमेरिकी राजदूत ने जी–7 शिखर सम्मेलन के समय यह कहा कि संयुक्त राष्ट्र और जी–20 एक निष्क्रिय मंच बन गए हैं।

भारत में जी–20 की मेजबानी मिलने का बड़ा शोर है। यह दीगर बात है कि ऐसे समूहों की मेजबानी उसके सदस्य हर देश को रोटेशन से मिलती है। मगर सत्ताधारी पार्टी के सूचना तंत्र ने इस मौके को भारत की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रखा है। बहरहाल, जब साधारण–सी बात पर बहुत से लोगों ने गौर नहीं किया है, तो उन्हें इस बात की शायद ही कोई सूचना होगी कि दुनिया आखिर इस मंच को ही किस नजरिए से देख रही है। विश्लेषक तो पहले से बता रहे थे कि जी–20 एक अप्रसांगिक मंच हो चुका है। बहरहाल, अब यह बात अमेरिका की तरफ से लगभग आधिकारिक रूप से कह दी गई है। और यह बात कहते हुए कई विश्लेषण पश्चिम के प्रतिष्ठित प्रकाशनों में छपे हैं। अमेरिका का रुख जापान में उसके राजदूत राह्म इमैनुएल ने उस समय स्पष्ट किया, जिस रोज इस देश के शहर हिरोशिमा में जी–7 का शिखर सम्मेलन शुरू हुआ था।उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और जी–20 एक निष्क्रिय मंच बन गए हैं। जापान की एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राजदूत ने कहा– 'जी–7 आज पहले के किसी मौके की तुलना में अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि दुनिया किसी ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था की तलाश में है, जो काम कर सकने में सक्षम होइ उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अब वैसी प्रभावी संस्था नहीं रह गया है, जैसा पहले यह हुआ करता था। यूक्रेन पर हमले के बाद यह बात और जाहिर हो गई। जबकि इस वर्ष मार्च में नई दिल्ली में हुई जी–20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में साझा बयान पर सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में वहां उसे सदस्य देशों के यूक्रेन युद्ध पर रुख के बारे में मेजबान देश यानी भारत की तरफ से तैयार सार–संक्षेप पर संतोष करना पड़ा। पश्चिम के भू–राजनीतिक विशेषज्ञों ने भी ऐसी राय जताई है। उनके मुताबिक जी–7 में ऐसे देश शामिल हैं, जिनकी भू–राजनीति से लेकर सुरक्षा और आर्थिक मसलों पर एक जैसी राय है। जबकि जी–20 में ऐसी बात नहीं है, नतीजतन उसकी बैठकों में कुछ हासिल नहीं हो रहा है।

# श्रीनगर में जी–20 की बैठक

**श्रुति व्यास**

श्रीनगर से श्रुति व्यासः श्रीनगर में आज की मीटिंग शुरू हुई। जम्मू–कश्मीर और श्रीनगर में आज जी–20 देशों की टूरिज्म वर्किंग ग्रुपकी वैश्विक बैठक शुरू हुई। कश्मीर में इस तरह की बैठक पहले कभी नहीं हुई। डल लेक के किनारे शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 22 मई से 24 मई की तीन दिनों की बैठक में चीन सहित 5 देश हिस्सा नहीं ले रहे हैं। चीन के अलावा सऊदी अरब, तुर्किये, इंडोनेशिया और मिस्त्र इस बैठक में शामिल नही हुए। बहरहाल, सोमवार की सुबह श्रीनगर पहुंचे अन्य विदेशी प्रतिनिधियों का हवाईअड्डे पर पारंपरिक वेशभूषा में कश्मीरी युवतियों ने स्वागत किया।

जी–20 की बैठक में दक्षिण भारत के सुपर सितारे रामचरण तेजा भी पहुंचे हैं। उन्होंने कहा– कश्मीर में कुछ जादू है। उन्होंने विदेशी प्रतिनिधियों के साथ अपनी फिल्म 'आरआरआरइ के ऑस्कर जीतने वाले गाने 'नाटू–नाटूइ पर डांस किया। जी–20 की भारत की अध्यक्षता के मुख्य समन्वयक हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा– इस मीटिंग में शामिल होने वाले प्रतिनिधि यहां आकर देख सकेंगे कि धरती पर स्वर्ग कैसा होता है। टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की यह मीटिंग 22 से 24 मई तक होगी।

बैठक के लिए एयरपोर्ट से ले कर डल झील तक का इलाका रंगबिरंगी रोशनियों, वेलकम पोस्टरों, जी–20 की हार्डिग्स और चमचमाती सडको से सजा–धजा है। जी–20 बैठक के लिए श्रीनगर के कायाकल्प और सुरक्षा बंदोबस्तों से यह साफ जाहिर है कि जी–20 की अध्यक्षता और उसके आयोजनों की मेजबानी का मौका भारत के लिए कश्मीर के संदर्भ में कितनी अहमियत रखता है।

डल लेक के किनारे शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जी–20के डेलिगेटेस का एजेंडा टूरिज्म है। जी–20 की श्रीनगर में बैठक से विश्व कूटनीति का अपने आप कश्मीर पर फोकस बना है।राजधानी और प्रदेश दोनों इस आयोजन के पीछे कश्मीर की अकल्पनीय सुन्दरता के किस्से देश और दुनिया भर में फैलाने का लक्ष्य बनाए हुए है तो इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है दुनिया को यह संदेश देना कि कश्मीर में सब कुछ ठीक–ठाक हैइ आल इज वेल।

क्या कोई सोच भी सकता था कि इस तरह का आयोजन श्रीनगर में हो सकता है? दस साल पहले यह लगभग असंभव लगता था और बीस साल पहले पूरी तरह असंभव। परन्तु नीले गगन के तले शालीमार बाग के आकर्षण में बंधे विदेशी डेलिगेट्स के द्वारा खींचे जा रहे फोटो तो यही बता रहे हैं कि जो नामुमकिन था वह मुमकिन हो गया है।

सही है कश्मीर को वह जगह माना जाता रहा है जहाँ फौज की स्थाई मौजूदगी और टकराव और विवाद दुनिया में सबसे ज्यादा है। परंतु श्रीनगर में अब ऐसा संभव होता लग रहा है कि लोग अतीत को पीछे छोड़कर पर्यटन के बूते ही बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे है। सभी जानते है कि कश्मीर घाटी की खूबसुरती हर पर्यटक को'यहाँ ज़रूर जाना हैइ की लिस्ट से खींचती होती है। पिछले कुछ सालों में पर्यटन में जबरदस्त बढोत्तरी हुई है। एक समय था जब श्रीनगर की उड़ानों में कश्मीरियों की बहुतायत रहती थी। अब ऐसा नहीं है। महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात और आंध्रप्रदेश से पर्यटकों के हुजूम श्रीनगर पहुँच रहे हैं। श्रीनगर में दक्षिण और उत्तर भारतीय रेस्टोरेंट खुल गए हैं। यहाँ तक कि पुराने, पारंपरिक रेस्टोरेंटों का कलेवर समय के साथ कदमताल करने के लिए बदल दिया गया है।

एक समय हिंदी फिल्म उद्योग का पसंदीदा कश्मीर था और ऐसा वापिस होता दिखता हौ। कश्मीर फिर बॉलीवुड की पहली पसंद बन रहा है। ऐसा बताया जाता है कि



पिछले एक साल में जम्मू–कश्मीर में 200 से ज्यादा फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियल शूट किये गए। हाल में शाहरूख खान की एक फिल्म की शूटिंग भी हुई। श्रीनगर में जी20 बैठक में घाटी में फिल्म टूरिज्म चर्चा का एक मुख्य विषय रहेगा। आयोजन में बड़े निर्माताओं और ओटीटी प्लेटफॉर्मों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

मूल मुद्दा यह है कि कश्मीर स्पॉटलाइट में है और यह स्पॉटलाइट उसके आकर्षण और अथाह सौंदर्य को दुनिया को दिखा रही है। और साथ में दिखा रहा है 'नए कश्मीरइ का नयापन, जो कश्मीर के लोगों और कश्मीर को भी अविश्वसनीय और अवास्तविक सा लगता है।

जम्मू–कश्मीर की राजधानी सजी हुई है।मगर सुरक्षा प्रबंध भी बहुत कड़े हैं। एक अनाम सा डर हवा में है। आतंकी हमलों की आशंका और तरह–तरह की अफवाहों के बीच भी यह शहर और उसे चलाने वाले जी–20 सम्मलेन का आयोजन करने पर डटे रहे है।लोगों को सुरक्षा बंदोबस्तों के कारण"सब चंगा सी" की बाते सही नहीं लग रही है। मगर यह भी तो सही है कि जो भी शहर किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी करता है वह दुर्ग बन जाता है। वहां के रहवासियों को परेशानी होती ही है। हाल में जी–7 शिखर बैठक के लिए जापान को हिरोशिमा को सख्त सुरक्षाबंदी से किले में बदल दिया था। दिल्ली में भी आगे जी–20 के शिखर सम्मेलन के लिए तगड़े सुरक्षा प्रबंध होने है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2019 के बाद से कश्मीर में बदलाव आये हैं, विशेषकर 2020 में मनोज सिन्हा के आने के बाद से। हमेशा से पिक्चर पोस्टकार्ड की तरह दिखने वाला कश्मीर अब और साफ़, और विकसित और सुन्दर लगता है। मनोज सिन्हा राजनीतिज्ञ तो हैं ही, उन्होंने श्रीनगर का कायाकल्प कर सिद्ध किया है कि वे एक अच्छे प्रशासक भी है और कठिन काम को मुमकिन बनाना उन्हें आता है। वे अपनी टीम को खुद निर्णय लेने की स्वतंत्रता देते हैं परन्तु उसकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करते हैं। स्थानीय पत्रकार, पुलिस अधिकारी और नागरिक मानते हैं कि जी20 जैसा आयोजन श्रीनगर में इसलिए हो पा रहा है क्योंकि मनोज सिन्हा गवर्नर हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर आप नए भारत का नयापन देखना चाहते हैं तो कश्मीर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। वहां विकास हुआ है और वह दिखता है।पोलो व्यू मार्किट, जिसे आप श्रीनगर का खान मार्केट कह सकते हैं, का कायाकल्प कर दिया गया है। और अब वह वाकई काबिलेतारीफ़ नज़र आता है। वहां आप अब केवल पैदल जा सकते हैं, सड़कों का फर्शीकरण कर दिया गया है, चिनार के पेड़ों पर रौशनी की जाती है और पुराने ढंग की छोटी–छोटी दुकानें हैं जिनमें से हर एक की अपनी कहानी है। मुस्कुराते हुए नीले पीटूनिया के फूलों और ढेर सारे गुलाबों के बीच खूब खुली–खुली जगह और खुशनुमा माहौल झ्र ऐसा देश के किसी और बाज़ार में आप शायद ही देख या महसूस कर सकते हैं। लोगों को भी बहुत मज़ा आ रहा है। बच्चे इधर से उधर दौड़ लगाते हैं और जवान से लेकेर बुजुर्ग तक सेल्फी लेने में जुटे दिखेंगे। जाहिर है कि वे कुछ देर के लिए श्रीनगर के नए विकास, नए माहौल में खो जाना चाहते हैं।

**डल लेक का पानी एकदम साफ़ और चमकदार है और लेक में लगे फव्वारे मानों गीत गाते, नृत्य करते हुए। झेलम के आसपास के मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों को रेनोवेट कर दिया गया है, उन पर रौशनी की जाती है। उनका सौंदर्यीकरण किया गया है।परन्तु इस सब के लिए केवल मनोज सिन्हा और उनकी कामकाजी टीम को श्रेय देना गलत होगा। इसके लिए श्रीनगर और घाटी के लोगों की भी तारीफ की जानी चाहिए। वे इस सबसे खुश हैं, और यह साफ़ दिखाई पड़ रहा है। चारों ओर बंदूकधारियों के होते हुए भी युवा, बच्चे और बुज़ुर्ग सड़कों पर सेल्फी और फोटो ले रहे हैं, शाम को सैर कर रहे हैं और खुशनुमा माहौल का मजा ले रहे हैं। अभी किसी पक्के निष्कर्ष पर पहुंचना तो उचित नहीं होगा परन्तु इतना तो कहा ही जा सकता है कि लोग अब गुस्से से धधक नहीं रहे हैं।**

डल लेक का पानी एकदम साफ़ और चमकदार है और लेक में लगे फव्वारे मानों गीत गाते, नृत्य करते हुए। झेलम के आसपास के मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों को रेनोवेट कर दिया गया है, उन पर रौशनी की जाती है। उनका सौंदर्यीकरण किया गया है।परन्तु इस सब के लिए केवल मनोज सिन्हा और उनकी कामकाजी टीम को श्रेय देना गलत होगा। इसके लिए श्रीनगर और घाटी के लोगों की भी तारीफ की जानी चाहिए। वे इस सबसे खुश हैं, और यह साफ़ दिखाई पड़ रहा है। चारों ओर बंदूकधारियों के होते हुए भी युवा, बच्चे और बुज़ुर्ग सड़कों पर सेल्फी और फोटो ले रहे हैं, शाम को सैर कर रहे हैं और खुशनुमा माहौल का मजा ले रहे हैं। अभी किसी पक्के निष्कर्ष पर पहुंचना तो उचित नहीं होगा परन्तु इतना तो कहा ही जा सकता है कि लोग अब गुस्से से धधक नहीं रहे हैं।

जी–20 एक बार कश्मीर को दुनिया के नक्शे पर ले आया है। हमेशा निराशा में डूबे रहते वाले कह सकते हैं कि यह सब केवल ऊपरी दिखावा है, वही आशावादी इसे मोदी सरकार का कमाल बता सकते हैं। लेकिन दोनों से अलग श्रीनगर को जैसा साफ–सुथरा बना कर सजाया गया है तो तो इसकी फील में यह तो मानना ही होगा कि बदलाव की बयार बह रही है। पैंतीस सालों की अस्थिरता, खून–खराबे, गन्दी राजनीति और दुष्प्रचार के दिन लद गए लगते हैं। परन्तु परिवर्तन हमेशा किश्तों में होता है और लोगों को नयी चीज़ों को स्वीकार करने में समय लगता है। आखिर किसी ने ठिक ही कहा है कि रोम एक दिन में नहीं बना था।आशंकाएं अब भी हैं परन्तु दूर क्षितिज पर एक नए दिन की शुरुआत की लालिमा देखी जा सकती हैं। बात सिर्फ यह है कि हम चीज़ों को किस तरह देखते हैं। अपना चश्मा बदलिए और दुनिया आपको नई–नवेली लगेगी।और मेरा कहना है जो भी पहले श्रीनगर आए थे वे वापिस घूमने आए और देखे कि श्रीनगर साफ–सुथरा सुंदर हुआ है या नहीं! स्मार्ट सिटी जैसा होता हुआ है या नहीं। टूरिस्टों का रैला है या नहीं।

# न जेलेंस्की–पुतिन थकेंगे, न युद्ध खत्म होगा!

**श्रुति व्यास**

यूक्रेन–रूस में चल रहे युद्ध का अंत दूर–दूर तक दिखलाई नहीं दे रहा है। रूस का दावा है कि उसने बखमुत शहर पर कब्ज़ा कर लिया है परन्तु वह उसी क्षेत्र में और सैनिक भेज रहा है। इसके उलट यूक्रेन कह रहा है कि इस पूर्वी शहर पर कब्ज़े के लिए एक साल से जारी भीषण युद्ध में "दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचा है" ।ऐसा लगता है कि न तो कोई जीत रहा है और ना ही कोई हार रहा है। इसलिए युद्ध चलता जा रहा है। परन्तु दोनों पक्ष कूटनीति की बिसात पर अपनी–अपनी चालें चल रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की समर्थन, आर्थिक मदद और असलहा हासिल करने के लिए दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ लगा रहे हैं।

अभी दस दिन पहले तक वे यूरोप में घूम रहे थे। वे पहले इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिले, जिन्होंने उनसे वायदा किया कि जब तक ज़रूरी होगा तब तक इटली, रूस से जंग के लिए यूक्रेन को हथियार सप्लाई करता रहेगा। वहां से टाइफून लड़ाकू जेट विमानों की सुरक्षा में वे बर्लिन पहुंचे और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़ से मिले। शोल्ज़ ने यूक्रेन के लिए 2।9 अरब डॉलर के सहायता पैकेज की घोषणा की, जिसमें हवाई हमलों से बचने की प्रणाली और टैंक शामिल हैं। बर्लिन से शोल्ज़ के साथ वे जर्मनी के आखेन शहर गए जहाँ उन्हें यूरोप के लोगों में एकता स्थापित करने के लिए शारलेमेन पुरस्कार से नवाज़ा गया। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उनकी तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा, "यूक्रेन तो यूरोप के सभी प्रिय आदर्शों का मूर्त स्वरूप हैः उसमें अपने मत पर दृढ रहने का साहस है, वह अपने मूल्यों और अपनी आज़ादी के लिए लडऩा जानता है और वह शांति और एकता के प्रति प्रतिबद्ध है।" पुरस्कार प्राप्त करने के बाद



जेलेंस्की फ्रांस पहुंचे जहाँ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने युद्ध जारी रखने के लिए यूक्रेन की हर संभव सहायता देने का वायदा किया।

वायदों से भरी अपनी झोली पीठ पर टांग जेलेंस्की जेड के आगे न जाने कितने प्लस वाली श्रेणी की अपनी सुरक्षा के साए में यूरोप से हिरोशिमा में चल रही जी7 शिखर बैठक में पहुंचे। उनकी यात्रा "आकस्मिक और अनापेक्षित" बताई गयी। हिरोशिमा में वे पश्चिम से बाहर की दुनिया के सामने अपनी बात रखना चाहते थे।

यूक्रेन के कूटनीतिक मिशन से भारत, चीन, ब्राज़ील और कम से कम 20 अफ्रीकी देश एकदम अप्रभावित हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के अनुसार इसका कारण यह है कि ये देश रूस के नैरेटिव पर तो ध्यान दे रहे हैं परन्तु यूक्रेन का सच समझ नहीं पा रहे हैं।

कुलेबा ने पिछले साल अक्टूबर में अफ्रीकी देशों सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना और कीनिया की अपनी यात्रा में रूस के झूठ के मुकाबिल यूक्रेन का सच बताने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि पहली बात तो यह है कि 2014 में रूस ने जब सबसे पहले यूक्रेन पर हमला किया था तब यूक्रेन की नीति तटस्थता की थी और वह नाटो की सदस्यता लेने के बारे में सोच तक नहीं रहा था। दूसरे, रूस का यह दावा एकदम झूठा है कि यूक्रेन और रूस एक देश हैं। कुलेबा ने अफ्रीकी पत्रकारों से बातचीत में कहा, "ज़रा सोचिये कि अगर आपका पड़ोसी देश आपसे कहे कि तुम्हारी न तो कोई अलग भाषा है, न संस्कृति और ना ही इतिहास। तुम्हारा अलग देश बनना तो एक भूल है।" और तीसरे यह कि रूस का यह कहना गलत है कि वह तो केवल शांति चाहता है।

इस साल अप्रैल में यूक्रेन की उप विदेशमंत्री एमीन झापरोवा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान भी यही बातें कहीं थी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और यूक्रेन दोनों ने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष किया था परन्तु साथ ही आश्चर्य व्यक्त किया कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल पिछले कुछ महीनों में तीन बार मास्को हो आये हैं परन्तु उन्होंने एक बार भी कीव का रुख नहीं किया। शायद भारत की इसी बेरुखी का कारण जानने के लिए जेलेंस्की ने यह सुनिश्चित किया कि जी7 शिखर बैठक के दौरान उनकी प्रधानमंत्री मोदी से आमने–सामने बातचीत हो। परन्तु इस बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा ने तो 'समय की कमीइ के कारण जेलेंस्की से वन–टू–वन मुलाकात करने से ही इंकार कर दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने शुरू में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हिरोशिमा में मुलाकातें जेलेंस्की के लिए गेमचेंजर नहीं होंगीं।

राष्ट्रपति जेलेंस्की का दुर्भाग्य था कि हिरोशिमा की यात्रा के बाद भी वे तटस्थ देशों को अपना नहीं बना सके। परन्तु हाँ, वे अमरीका से 375 अरब डॉलर का सैनिक सहायता का आश्वासन लेकर ज़रूर गए। जो बाइडन ने कहा कि इस पैकेज में गोलाबारूद, तोपें, बख्तरबंद गाडियाँ और ट्रेनिंग शामिल है। इसके कुछ ही दिन पहले, बाइडन ने इंग्लैंड और अपने अन्य मित्र देशों को अमरीका में बने एफ–16 लड़ाकू विमान यूक्रेन को देने की इज़ाज़त दी थी। बाइडन ने यूरोप को दिए आश्वासन को दोहराते हुए कहा कि "पूरे जी7 देशों के साथ हम भी यूक्रेन के साथ हैं और मैं वायदा करता हूँ कि हम डिगेंगे नहीं" परन्तु प्रश्न यह है कि जेलेंस्की अपनी निपुण कूटनीति की मदद से क्या तटस्थ देशों को अपने पक्ष में कर सकेंगे, विशेषकर जुलाई से पहले जब वे एक शांति शिखर वार्ता का आयोजन करने की योजना बना रहे हैं। उनकी कोशिश यह भी है कि रूस पर लगे प्रतिबन्ध कमज़ोर न पड़ें।

**यूक्रेन के कूटनीतिक मिशन से भारत, चीन, ब्राज़ील और कम से कम 20 अफ्रीकी देश एकदम अप्रभावित हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के अनुसार इसका कारण यह है कि ये देश रूस के नैरेटिव पर तो ध्यान दे रहे हैं परन्तु यूक्रेन का सच समझ नहीं पा रहे हैं। कुलेबा ने पिछले साल अक्टूबर में अफ्रीकी देशों सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना और कीनिया की अपनी यात्रा में रूस के झूठ के मुकाबिल यूक्रेन का सच बताने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि पहली बात तो यह है कि 2014 में रूस ने जब सबसे पहले यूक्रेन पर हमला किया था तब यूक्रेन की नीति तटस्थता की थी और वह नाटो की सदस्यता लेने के बारे में सोच तक नहीं रहा था। दूसरे, रूस का यह दावा एकदम झूठा है कि यूक्रेन और रूस एक देश हैं।**

बहरहाल, आसार तो यही हैं कि युद्ध जारी रहेगा क्योंकि सिर्फ कूटनीतिक कारणों से शायद ही कोई देश अपने आर्थिक हितों पर कुठाराघात होने देगा।

## शारीरिक सम्बन्धों से होती है त्वचा चमकदार, स्वस्थ रहता है मनुष्य

जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन, पानी और हवा की आवश्यकता होती है उसी तरह से शरीर को स्वस्थ व चमकदार बनाने के लिए दो विपरीत लिंग वाले व्यक्तियों में शारीरिक सम्बन्ध होना आवश्यक होता है। इन सम्बन्धों के अभाव में व्यक्ति कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं, त्वचा ढीली व कमजोर होने लगती है साथ ही त्वचा की चमक खत्म हो जाती है। आत्मिक तृप्ति प्राप्त करने के लिए शारीरिक सम्बन्ध बनाना आवश्यक माना गया है।शारीरिक सम्बन्धों से त्वचा चमकदार बनती है जब हम शारीरिक सम्बन्ध बनाते हैं तो हमारे शरीर में एक हार्मोन्स उत्पन्न होता है, जिसे एस्ट्रोजन हार्मोन के नाम से जाना जाता है और यह हार्मोन हमारे शरीर में ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी को होने से रोकता है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि शारीरिक सम्बन्ध बनाने से हमारी त्वचा (स्किन) को क्या फायदे होते हैं। आइए डालते हैं एक नजर–

1. सेक्स करने के दौरान हमारे शरीर में एंडॉर्फिन हार्मोन की मात्रा बढ़ जाती है और ये एंडॉर्फिन हार्मोन हमारे शरीर में त्वचा को चमकदार, सुन्दर और चिकनी बनाने में मदद करता है।

2. सेक्स किसी एक्सरसाइज से कम नहीं है, क्योंकि जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर में ब्लड सर्कुलेशन होता है, जिसके कारण, ब्लड और ऑक्सीजन दोनों ही खींचता है और यही कारण है कि त्वचा में ग्लो आता है।

# धनी जी–7 गरीब देशों की सुने भी

यह बात तमाम विकासशील देशों को सुनने में बहुत अच्छी लगेगी। लेकिन यह सवाल बरकरार है कि इन देशों के महत्त्व को दुनिया के सबसे धनी मुल्क सिर्फ जुबानी मान्यता दे रहे हैं, या विकासशील विश्व की बात सुनने को भी वे तैयार हैं?

हिरोशिमा में जी–7 शिखर सम्मेलन में कई विकासशील देशों के नेता बुलाए गए। इस संबंध में मेजबान जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने कहा कि इन देशों के नेताओं को बुलाने का मकसद विकासशील दुनिया की अहमियत को जताना है। यह बात तमाम विकासशील देशों को सुनने में बहुत अच्छी लगेगी। लेकिन यह सवाल बरकरार है कि इन देशों के महत्त्व को दुनिया के सबसे धनी मुल्क सिर्फ जुबानी मान्यता दे रहे हैं, या विकासशील विश्व की बात सुनने को भी वे तैयार हैं? बुलाए गए देशों में भारत और ब्राजील भी शामिल थे। भारत, ब्राजील और कई अन्य देश इस बात की लगातार मांग करते रहे हैं कि सुरक्षा परिषद में मूलभूत सुधार किये जाएं। ये देश सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा वित्तीय व्यवस्था में भी इन देशों की अहमियत बढ़ाने की मांग उठती रही है। मसलन, यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में इन देशों के मत का हिस्सा बढ़ाया जाए। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि धनी देश इन मांगों पर सहानुभूति का रवैया अपनाने को तैयार हों। जबकि दुनिया की अर्थव्यवस्था में इन देशों की भूमिका और हिस्सेदारी का लगातार विस्तार हुआ है।

यह तो साफ है कि जी–7 के देश विकासशील दुनिया के एक हिस्से को चीन विरोधी लामबंदी में अपने साथ लेना चाहते हैं। इसलिए कि इसके बिना उनकी लामबंदी कारगर नहीं होगी। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह बात जाहिर होती गई है कि रूस और चीन को अलग–थलग करने की पश्चिमी देशों की कोशिश आगे नहीं बढ़ पाई है।

ऐसे में यह प्रश्न उठेगा कि क्या जी–7 दोनों तरफ अपने हित साधने में की कोशिश में शामिल देशों को लुभा कर दूसरे खेमे के खिलाफ अपना वजन बढ़ाने के लिए विकासशील देशों को अच्छी लगने वाली बातें कह रहा है या सचमुच उसका इरादा विश्व व्यवस्था के संचालन में इन देशों की भूमिका बढ़ाना है?



बेशक आने वाले महीनों में इस मामले में धनी देशों का इम्तहान होगा। अगर उनकी बातें जुबानी ही रहीं, तो जिस मकसद से उन्होंने हिरोशिमा में मजमा जुटाया, वह शायद कामयाब नहीं हो सकेगा।

# पीएम मोदी ने दूसरी बार उठाया ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले का मुद्दा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हिंदू मंदिरों में हुए हमलों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने बुधवार को सिडनी में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी भाग लिया था। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों में हुए हमलों का मुद्दा उठाया था। इससे पहले मार्च 2023 में एंथनी अल्बनीज के भारत यात्रा के दौरान भी पीएम ने अपने समकक्ष के साथ इस पर चिंता जताई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान मंदिरों की सुरक्षा पर बात की। पीएम ने एक बयान में कहा , 'प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीजऔर मैंने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों के मुद्दे पर चर्चा की है। हमने आज भी इस मामले पर चर्चा की।'

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री अल्बनीजने आज मुझे एक बार फिर आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। यह हमें स्वीकार्य नहीं है कि कोई भी अपने कार्यों या विचारधारा से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को ठेस पहुंचाए।'

पिछले साल मई में शपथ लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज मार्च 2023 में अपने पहले भारत दौरे पर आए थे। चार दिवसीय यात्रा के तीसरे दिन हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और अल्बानीज के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई थी, जिसके बाद पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ एक प्रेस को संबोधित किया। सबसे पहले तो उन्होंने प्रधानमंत्री अल्बनीज का भारत में उनके पहले दौरे पर स्वागत किया। वार्ता के दैरान ही मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी कट्टरपंथियों द्वारा मंदिरों की तोड़फोड़ के मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाया था।

घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए तब उन्होंने कहा था, 'यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ सप्ताह से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रहीं हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं। हमारी इन



भावनाओं और चिंताओं को मैंने प्रधानमंत्री एल्बनीज के समक्ष रखा। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है।'हाल के दिनों में ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। मंदिरों को तोड़ा गया है, भारतीय मूल के लोगों पर हमला किया गया है और यहां तक कि वाणिज्य दूतावास को भी निशाना बनाया गया है। आठ मार्च को जैसे ही अल्बानी भारत के लिए रवाना हुए, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में श्री स्वामीनारायण मंदिर को खालिस्तान समर्थकों से धमकी भरा फोन आया। उस व्यक्ति ने मंदिर के अध्यक्ष को चेतावनी दी कि हिंदुओं को खालिस्तान का समर्थन करें या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

चार मार्च को ब्रिस्बेन में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई और इसकी दीवार पर हिंदू विरोधी नारे लिखे लिखे गए थे। मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि सुबह के समय श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान उन्होंने देखा कि मंदिर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

फरवरी मध्य में ऑस्ट्रेलिया में दो हिंदू मंदिरों को धमकियां दी गईं थीं। पहला मामला ब्रिस्बेन स्थित गायत्री मंदिर का था। रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के अध्यक्ष जय राम और उपाध्यक्ष धर्मेश प्रसाद को अलग-अलग फोन आए। फोन करने वाले ने शिवरात्रि पर मंदिर में खालिस्तान समर्थक नारे लगवाने का दबाव डाला। बाद में मंदिर की जनसंपर्क अधिकारी नीलिमा ने भी कहा कि उन्हें एक अमेरिकी नंबर से कई फोन आए। वहीं, इन फोन कॉल के बाद मंदिर प्रबंधन ने वहां सुरक्षा बढ़ा दी थी। दूसरा मामला ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में काली माता मंदिर का था, जिसके पुजारी को फोन पर धमकी दी गई। पुजारी भावना को फोन कॉल करके धमकी में दी गई थी कि यदि भजन कार्यक्रम रद्द नहीं हुए तो नतीजे गंभीर होंगे। उस वक्त मंदिर का प्रबंधन आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी कर रहा था।

23 जनवरी को सामने आईं रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में इस्कॉन मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ की थी। इतना ही नहीं, मंदिर में भारत विरोधी नारे भी लिखे गए थे।

इससे पहले 16 जनवरी को कैरम डाउन इलाके में स्थित श्री शिवा विष्णु मंदिर पर भी भारत विरोधी नारे लिख दिए गए थे। मंदिर में जब भारत विरोधी नारे लिखे गए, उस वक्त मंदिर में तमिल हिंदुओं द्वारा तीन दिन का थाई पोंगल त्योहार मनाया जा रहा था। 15 जनवरी को खालिस्तान समर्थकों ने मेलबर्न में एक कार रैली निकालकर खालिस्तान पर जनमत के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास किया था, लेकिन उन्हें समर्थन नहीं मिल सका। मेलबर्न में भारतीय मूल की करीब 60 हजार आबादी रहती है, लेकिन रैली के दौरान कुछ सौ लोग ही मौजूद रहे। माना जा रहा है कि इसी गुस्से में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था।

ऑस्ट्रेलिया में हिंदू आबादी तेजी से बढ़ रही है। देश में हिंदुओं की संख्या 2016 में 4,40,300 से बढ़कर 2021 में 6,84,000 हो गई। आप्रवासन की वजह से यह देश में तेजी से बढ़ने वाला धर्म बन गया है। भारत सरकार चिंतित है और इस मामले को बार-बार उठाती रही है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग और भारतीय समकक्ष एस जयशंकर ने फरवरी में भी अपनी द्विपक्षीय वार्ता में इस मामले पर चर्चा की थी। सिडनी की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ने कट्टरपंथी गतिविधियों के खिलाफ सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया।

## इमरान खान और उनके प्रमुख सहयोगियों ने मिलकर 9 मई के दंगों की 'योजना बनाई, रिपोर्ट में खुलासा

**लाहौर , एजेंसी**,। इमरान खान और उनके करीबी सहयोगियों ने 9 मई को पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री की गिरफ्तारी के बाद कथित रूप से लाहौर कॉर्प्स कमांडर के आवास और अन्य इमारतों पर धावा बोलने के प्रयासों का समन्वय किया। पंजाब प्रांत की पुलिस ने जियो-फेंसिंग रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह दावा किया है। पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा लाहौर कैंट में सैन्य अधिकारी के आवास और अन्य संवेदनशील सार्वजनिक भवनों की ओर जाने के लिए कथित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं को उकसाने के लिए किए गए 400 से अधिक कॉल का पता लगाया। यह देखा गया कि सभी दंगाई लाहौर के जमान पार्क में स्थित पीटीआई के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में थे।

पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने जियो-फेंसिंग रिकॉर्ड और कोर कमांडर के आवास पर हमले की योजना बनाने के लिए खान के आवास के कथित उपयोग की डॉन न्यूज से पुष्टि की।

## मेंगलुरु एयरपोर्ट पर उड़ान भरते समय पक्षी से टकराया विमान, सभी यात्री सुरक्षित, बड़ा हादसा टला

**बंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उस समय बड़ा हादसा टल गया जब गुरुवार को दुबई जा रहा इंडिगो का एक विमान उड़ान भरते समय पक्षी से टकरा गया। हवाई अड्डे के सूत्रों के मुताबिक, घटना सुबह 8.30 बजे हुई और यात्रियों में अफरातफरी मच गई। फ्लाइट मेंगलुरु से दुबई जा रही थी।

जब उड़ान टैक्सीवे को पार कर चुकी थी और उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार थी, तब उसका एक पंख पक्षी से टकरा गया। सूत्रों ने कहा कि पायलट ने घटना के बारे में तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचित किया और उड़ान रद्द कर दी। अधिकारियों ने यात्रियों के दुबई जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। सूत्रों के मुताबिक, तकनीशियनों द्वारा उड़ान का निरीक्षण किया जा रहा है। घटना के बारे में अभी और जानकारी सामने नहीं आई है।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने जा रहे चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**मथुरा , एजेंसी।** कार के पेड़ से टकरा जाने से चार दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वे बलदेव शहर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, हादसा बुधवार को राया थाना क्षेत्र के पिलखुनी गांव के पास हुआ। एसएचओ अजय किशोर ने कहा कि स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यह घटना तब हुई जब एक बाइक सवार सड़क पर गड्ढा देखकर अचानक मुड़ा और बाइक सवार को टक्कर मारने से बचने के लिए कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से जा टकराया। मृतकों की पहचान अंकित कुमार (22), अचल सिंह (23), आकाश कुमार (21) और योगेश कुमार (25) के रूप में हुई है। इस बीच, गंभीर रूप से घायल शैलेंद्र कुमार (24) को आगरा के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है।

## जर्मनी में आर्थिक मंदी, विकास दर शून्य से नीचे

**बर्लिन , एजेंसी।** महंगाई के दबाव में जर्मनी आर्थिक मंदी की चपेट में आ गया है। गुरुवार को प्रकाशित आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली है। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी के संघीय सांख्यिकीय कार्यालय के संशोधित आंकड़ों से पता चलता है कि साल की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर शून्य से 0.3 प्रतिशत नीचे रही। इससे पहले दिसंबर 2022 में समाप्त तिमाही में विकास दर शून्य से 0.5 प्रतिशत कम रही थी।

तकनीकी रूप से लगातार दो तिमाहियों में विकास दर शून्य से नीचे रहने पर देश में आर्थिक मंदी मानी जाती है।

अप्रैल में जारी प्रारंभिक अनुमानों में कहा गया था कि साल की पहली तिमाही में विकास दर शून्य पर रही है और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी आर्थिक मंदी से बाल-बाल बच गया। लेकिन आज जारी संशोधित अनुमान में अर्थव्यवस्था में 0.3 प्रतिशत की गिरावट की बात सामने आई है।

डच बैंक आईएनजी के कार्स्टन ब्रजेस्की ने कहा, इसमें कुछ सांख्यिकीय संशोधन हुए, लेकिन अंततः जर्मन अर्थव्यवस्था में इस सर्दी के मौसम में वही हुआ जिसका डर हमें पिछली गर्मियों से सता रहा थाः यह एक तकनीकी मंदी में गिर गई।

# राजनाथ सिंह ने दो दिवसीय डीआरडीओ अकादमी सम्मेलन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दो दिवसीय डीआरडीओ अकादमी सम्मेलन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में सेना का महत्व बहुत ही महत्वपूर्ण होता है खास कर भारत जैसे देश के लिए तो और भी बहुत जरूरी हो जाता है क्योंकि हमारी सेनाओं को सीमाओं पर दोहरे खतरों का सामना करती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम दुनिया के सबसे बड़े सशस्त्र बलों में से एक हैं, हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम की दुनिया भर में प्रशंसा होती है। दुनिया भर के देश हमारे सशस्त्र बलों के साथ संयुक्त अभ्यास करने की इच्छा व्यक्त करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हमारे पास देश के हितों की रक्षा के लिए तकनीकी रूप से उन्नत सेना हो। भारत जैसे देश के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर दोहरे खतरे का सामना कर रहे हैं,।

कॉन्क्लेव की थीम डीआरडीओ-एकेडमिया पार्टनरशिप - अवसर और चुनौतियां के महत्व को रेखांकित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बात की सख्त जरूरत है कि डीआरडीओ और एकेडेमिया हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करें। 21 वीं सदी। उन्होंने कहा, यह साझेदारी भारत को रक्षा प्रौद्योगिकियों में अग्रणी राष्ट्र बनाने में मददगार साबित होगी।जब तक हम शोध नहीं करते, हम नई तकनीकों को अपनाने में सक्षम नहीं होंगे। ऋ&ष्ठ में साधारण पदार्थों को मूल्यवान संसाधनों में बदलने की क्षमता है। पूरे इतिहास में सभ्यताओं के विकास में यह एक महत्वपूर्ण कारक रहा है।

## तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसले आप नेता सत्येंद्र जैन, चोटें आईं, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जेल में बंद आप नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसल गए, जिसके बाद उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल नंबर सात में बंद हैं।जेल के एक अधिकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह 6 बजे वह बाथरूम में गिर गए, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कमजोरी के कारण उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

# संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम पर विवाद, भाजपा का विपक्ष पर पाखंड का आरोप

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संसद के नए भवन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार की विपक्षी दलों की घोषणा को पाखंड बताते हुए जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार द्वारा किए गए इस तरह के कई उद्घाटन कार्यक्रमों का मुद्दा उठाया है। पात्रा ने ट्वीट कर कहा, विपक्ष ने नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने का ऐलान किया है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन करने वाले हैं। वे हवाला दे रहे हैं कि केवल राष्ट्रपति/राज्यपालों को ही संसद/विधानसभा भवनों का उद्घाटन करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने सिलसिलेवार कई ट्वीट करते हुए पूछा कि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कर्नाटक विधानसभा की नींव रखी थी। कर्नाटक के राज्यपाल ने इसका उद्घाटन क्यों नहीं किया? पूर्व प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी ने 1981 में महाराष्ट्र विधान भवन का उद्घाटन किया था। उन्होंने ( विपक्ष ) उस कार्यक्रम का बहिष्कार क्यों नहीं किया? पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1987 में संसद भवन में पुस्तकालय भवन की नींव रखी थी। उस कार्यक्रम का किसी ने बहिष्कार नहीं किया। ऐसा किसलिए? पूर्व प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर 1975 को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी का उद्घाटन किया था। लेकिन इसका बहिष्कार नहीं किया गया।पात्रा ने मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा भी किए गए कई उद्घाटन कार्यक्रमों का जिक्रकरते हुए सवाल उठाया कि उस समय इन दलों ने उन कार्यक्रमों का बहिष्कार क्यों नहीं किया था?

## पीटीआई के महासचिव असद उमर का इस्तीफा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** कई हाई-प्रोफाइल नेताओं के इस्तीफे के बीच पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के महासचिव असद उमर ने घोषणा की कि वह अब कोर कमेटी का हिस्सा नहीं हैं, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी भी अलग हो गए, इससे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की संकटग्रस्त पार्टी को बड़ा झटका लगा। शिरीन मजारी और फैयाजुल हसन चौहान के पार्टी से इस्तीफा देने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। उमर ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आदेश पर अदियाला जेल से रिहा होने के घंटों बाद फैसले की घोषणा की।

उन्होंने एक बयान में कहा, 9 मई के बाद की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, मेरे लिए पार्टी के महासचिव के रूप में बने रहना व्यक्तिगत रूप से संभव नहीं है। मैं पार्टी नहीं छोड़ रहा हूं, लेकिन अब कोर कमेटी का हिस्सा नहीं रहूंगा। मैं महासचिव के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

उन्होंने कहा, एक और कारण यह है कि मैं इस बारे में खुलकर बात करना चाहता हूं कि क्या किया जाना चाहिए।

# तीन देशों की यात्रा कर भारत लौटे पीएम मोदी, दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** तीन देशों की पांच दिवसीय विदेश यात्रा के बाद भारत वापस लौटने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पालम एयरपोर्ट पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के बाद भारत लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए नड्डा ने कहा, जिस तरीके से बीते पांच दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की छवि को आगे बढ़ाया है वो गौरवान्वित करता है। वे सभी की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी प्रधानमंत्री गए, वहां के इंडस्ट्री लीडर्स, साइंटिस्ट और गणमान्य नेता उनसे मिलने को आतुर रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ गवर्नेंस पर चर्चा की, यह भी भारत के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान विदेशी नेताओं ने जिस तरीके से उनको आदर दिया, सम्मान दिया वो यह बताता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के प्रति उनमें किस प्रकार का विश्वास है।

स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं केंद्रीय मंत्रियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, इस यात्रा के दौरान उनके पास जितना समय था, उसका पल-पल उन्होंने देश की बात करने में, देश की भलाई के लिए निर्णय करने में उपयोग किया। उन्हें 40 से अधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मुलाकात का मौका मिला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दुनिया के देशों में जाकर , दुनिया के महापुरुषों से मिल कर हिंदुस्तान के सामर्थ्य की बात करते हैं, हिंदुस्तान की युवा पीढ़ी के टैलेंट की चर्चा करते हैं और अवसर मिलने पर भारत के नौजवान कैसा पराक्रम कर के दिखलाते हैं, ये भी दुनिया में जा कर बतलाते हैं। देश की महान संस्कृति का गौरवगान करते हुए वे आंखें नीची नहीं करते हैं, आंखें मिला कर बात करते हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं, क्योंकि देश के लोगों ने एक पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाई है।

## मशहूर शायर मुनव्वर राणा की तबीयत बिगड़ी, डॉक्टरों ने वेंटिलेटर पर किया शिफ्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मशहूर शायर मुनव्वर राणा की तबीयत गुरुवार (, एजेंर्सी ) सुबह बिगड़ गई। तबीयत खराब होने के चलते उन्हें लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अपोलो हॉस्टिल के डॉक्टरों ने मुनव्वर राणा को वेंटिलेटर पर रखा गया है।मुनव्वर राणा की तबीयत खराब होने की जानकारी उनकी बेटी सुमैया राणा ने दी। सुमैया राणा ने देर रात करीब 3 बजे एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके पिता मुनव्वर राणा की तबीयत ठीक नहीं चल रही। लेकिन, आज तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# केंद्र में रिटायर्ड लोग भर्ती होंगे तो युवाओं को कब मिलेगी नौकरी, रेगुलर जॉब पर क्यों चल रही कैंची?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में रिटायर्ड लोगों को 'कंसलटेंट' की जॉब खूब मिल रही है। कई जगहों पर तो ऐसा भी देखने को मिलता है कि रिटायरमेंट के दो तीन बाद ही नई जॉब यानी 'कंसलटेंट' का नियुक्ति पत्र मिल जाता है। इस जॉब के लिए अधिकतम आयु सीमा 62-65 वर्ष रखी गई है। इसका फायदा, दो लोगों को ही होता है। एक तो सरकार, जिसका खर्च बच जाता है, तो दूसरा रिटायर्ड व्यक्ति, जो पेंशन लेते हुए दोबारा से जॉब पा जाता है। हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू कहते हैं, सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। कर्मचारियों के साथ लेबर की तरह एमओयू साइन कर लेती है। नियमित भर्ती न कर, अपना खर्च बचा रही है। जो युवा नौकरी के इंतजार में बैठे हैं, उनका भविष्य शुरू होने से पहले ही बर्बाद किया जा रहा है। 'युवा हल्ला बोल' के संयोजक अनुपम, जिन्होंने पिछले दिनों 'संयुक्त युवा मोर्चे' का गठन किया है, कहते हैं, सरकार पेंशन व दूसरे लाभ देने से बच रही है। नियमित जॉब न देकर एडवाइजर व कंसलटेंट भर्ती कर रही है। सरकार का यह कदम युवाओं पर कुठाराघात करने वाला है।



केंद्र सरकार के गृह, रक्षा, वित्त, कृषि, जल, परिवहन, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय व उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) सहित तकरीबन सभी मंत्रालयों/विभागों में कंसलटेंट नियुक्त कर रही है। इसी सप्ताह आयुष मंत्रालय में 18 पदों के लिए कंसलटेंट की जॉब निकली है। डोमेन एक्सपर्ट, लीगल कंसलटेंट व आईटी कंसलटेंट के पद भरे जाने हैं। ये नियुक्तियां एक वर्ष के लिए हैं। आवेदकों के लिए आयु सीमा 64 साल रखी गई है। आवश्यक शर्त, वे केंद्र सरकार के किसी भी मंत्रालय/विभाग से रिटायर्ड होने चाहिएं। सेक्शन अफसर, अंडर सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और इसी रैंक वाले किसी दूसरे पद से रिटायर हुए लोग इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार या भारत सरकार के स्वायत्तशासी निकाय से सेवानिवृत्त व्यक्ति भी आवेदन दे सकता है। सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान में भी कंसलटेंट की जॉब निकली है। जो लोग मई में रिटायर हो रहे हैं, वे भी फार्म भर सकते हैं। आयु सीमा 62 रखी गई है। पीआईबी में भी सीनियर फाइनेंस कंसलटेंट का पद विज्ञापित किया गया है। सेंट्रल वाटर कमीशन में 15 पद एसओ/एएसओ लेवल के और 25 पद पीएस/पीए स्तर पर भरे जाएंगे। इनके लिए आवेदक को पीएस या सेक्शन अफसर के पद से रिटायर होना चाहिए। जॉब के लिए 65 वर्ष आयु सीमा रखी गई है। पावर मंत्रालय, एनसीईएसके, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन और कॉमर्स मंत्रालय सहित कई दूसरे मंत्रालयों व विभागों में भी कंसलटेंट की जॉब निकली है।

हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा, सरकार की नीयत में खोट है। जानबूझ कर नियमित भर्ती नहीं कर रही। कई वर्षों से नियमित भर्ती से कदम पीछे खींचे जा रहे हैं। ऐसे लोगों की निष्ठा, संगठन के प्रति न होकर उस व्यक्ति के प्रति होती है, जिसने उन्हें कंसलटेंट भर्ती किया है। केंद्र सरकार में लाखों पद खाली पड़े हैं। उन्हें भरा नहीं जा रहा। सरकार को वर्कलोड के मुताबिक स्थायी नियुक्ति करनी चाहिए। सरकार बजट बढ़ने का बहाना बनाकर नियमित नौकरियों पर कैंची चला रही है। 'युवा हल्ला बोल' के संयोजक अनुपम ने बताया, कंसलटेंट की जॉब, नियमित नौकरी में कटौती का एक ताजा उदाहरण है। सरकार, समय पर भर्ती करने में असफल रही है। इसके बाद बजट कम होने की बात कह देती है। कॉरपोरेट सेक्टर पर बकाया 11 लाख करोड़ रुपये छोड़ दिए जाते हैं। इसका तो आम आदमी को कोई लाभ नहीं होता। सरकार यही पैसा युवाओं को नौकरी देने में लगा सकती थी। अब कंसलटेंट की आड़ में पेंशन व दूसरे लाभ देने से सरकार बच रही है। एडवाइजर या कंसलटेंट लगने के लिए सरकारी कर्मचारी, चापलूसी व प्रलोभन का काम करने लगते हैं। उन्हें कंसलटेंट लगने से पहले भी बॉस को खुश रखना है और बाद में तो रखना ही है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलाकर करीब एक करोड़ स्वीकृत पद रिक्त हैं। सरकार का इस ओर ध्यान ही नहीं है।

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार ने कंसलटेंट की नियुक्ति को बहुत खराब प्रक्रिया बताया है। इसमें कंसलटेंट को उतना वेतन दिया जाता है, जो सरकारी कर्मी को जारी अंतिम वेतन के पचास प्रतिशत से ज्यादा नहीं होता। रिटायरमेंट के बाद दोबारा से नियुक्ति लेने वालों का भाव, विभाग के प्रति नहीं रहता है। पोस्ट रिटायरमेंट जॉब लेने के लिए काफी समय पहले से ही प्रयास शुरू हो जाते हैं। अगर बॉस खुश रहे तो तीन चार वर्ष तक नौकरी हो जाती है। केंद्र सरकार के एक अधिकारी बताते हैं कि जब किसी विभाग में कंसलटेंट लगाए जाते हैं, तो वहां पर वैकेंसी रिपोर्ट नहीं की जाती। अगर वे ऐसा करते हैं तो उनसे पूछा जाएगा कि कंसलटेंट को क्यों रखा गया है। उस वक्त कंसलटेंट का पद रिक्त माना जाएगा। ये जानकारी सभी को होती है कि किस विभाग में कौन व्यक्ति, कब रिटायर होगा। उससे पहले ही भर्ती प्रक्रिया शुरु होनी चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति के रिटायर होने के बाद वह पद दोबारा से स्थायी तौर पर भरा जा सके। हालांकि व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। तकनीकी पदों तो कंसलटेंट की भर्ती समझ आती है। वह भी उस वक्त, जब उसके स्पेशलाइजेशन का कोई विकल्प न हो। वह पद सृजित नहीं हो सका हो। ऐसे में जीएफआर के नियम, कंसलटेंट भर्ती की इजाजत देते हैं।केंद्रीय विभागों में जो कंसलटेंट भर्ती किए जा रहे हैं, वे खुली प्रतियोगिता से नहीं आते। अधिकांश विभागों में वही लोग दोबारा से नियुक्त हो जाते हैं, जो वहां से रिटायर हुए हैं।

# इंग्लैंड क्रिकेट का साथ छोड़ने पर जेसन रॉय ने दी सफाई



नई दिल्ली, इंग्लैंड के स्टार ओपनर जेसन रॉय के अमेरिका की मेजर क्रिकेट लीग में खेलने की रिपोर्ट ने क्रिकेट जगत में खलबली मचा दी थी। अब जेसन रॉय ने ट्वीट कर यह साफ कर दिया है कि उनके लिए पहले उनका देश है, बाकि सब बाद में। जेसन राय ने लिखा कि देश के लिए खेलना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीद करता हूं अगले कुछ सालों तक वह देश के लिए क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

बता दें कि जेसन रॉय ने अमेरिका की मेजर क्रिकेट लीग के उद्घाटन सीजन में हिस्सा लेने का मन बनाया था। एमएलसी की शुरुआत 13 जुलाई से होगी और 30 जुलाई को इसका समापन होगा। जेसन रॉय इस समय इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से बातचीत कर रहे हैं कि उनके अनुबंध को रिलीज कर दिया जाए।

जेसन रॉय ने सोशल मीडिया पर दी सफाई

जेसन राय ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, "पिछले 24 घंटों में कई अटकलों के बाद, मैं स्पष्ट करना चाहता था कि मैं 'इंग्लैंड से दूर नहीं जा रहा हूं' और न ही कभी जाऊंगा। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। मुझे उम्मीद है कि मैं इंग्लैंड के लिए और कई साल खेलूंगा, यही मेरी प्राथमिकता है।"

देश के लिए खेलना चाहते हैं जेसन रॉय

रॉय ने आगे लिखा, "मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बारे में ईसीबी के साथ मेरी स्पष्ट बातचीत हुई है। ईसीबी प्रतियोगिता में मेरे खेलने से खुश था। जितना संभव हो उतना प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी के रूप में यह मेरे लिए फायदेमंद है, लेकिन मेरी प्राथमिकता इंग्लैंड क्रिकेट है। जल्द ही वनडे विश्व कप खेला जाना है। यह मेरे लिए और किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने देश के लिए खेलने के लिए सबसे बड़ा सम्मान है।"

## प्रमुख खिलाड़ी को बाहर करने पर जमकर भड़के वीरेंद्र सहवाग

नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में क्विंटन डी कॉक को टीम से बाहर करने के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स पर जमकर भड़ास निकाली है। सहवाग ने कहा कि लखनऊ सुपरजायंट्स ने कॉक को बाहर करके अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी है। डी कॉक ने पिछले साल लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 मैचों में 36.29 की औसत से 508 रन बनाए थे। हालांकि, 30 साल के कॉक को मौजूदा आईपीएल में ज्यादा मौके नहीं मिले और एलिमिनेटर मैच में उनकी जगह काइल मेयर्स को खिलाया गया। बाएं हाथ के बल्लेबाज कॉक ने आईपीएल 2023 में चार मैचों में 140 रन बनाए।वीरेंद्र सहवाग ने डी कॉक को बाहर करने के फैसले की आलोचना की। उन्होंने फ्रेंचाइजी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका भी चेन्नई में रिकॉर्ड अच्छा है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं कि खिलाड़ी जाकर उस दिन बेहतर प्रदर्शन कर सके।

# रातों–रात सुपरस्टार बने ऋषभ पंत के पड़ोसी



नई दिल्ली,मुंबई इंडियंस के धाकड़ गेंदबाज आकाश मधवाल का नाम आज क्रिकेट जगत में हर कोई ले रहा है। हो भी क्यों ना। आईपीएल 2023 के एलिमिनेटर मैच में 3.3 ओवर में 5 रन देकर 5 विकेट चटकाए। मधवाल के इस दमदार प्रदर्शन से रिकॉर्ड बुक में ना सिर्फ उथल–पुथल हुई, बल्कि मुंबई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

आकाश मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का बेस्ट प्रदर्शन किया। इस तेज गेंदबाज ने अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स को 81 रन से मात दी। उत्तराखंड के रहने वाले आकाश मधवाल का घर ऋषभ पंत के सामने है। मधवाल ने पिता को खोने के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और नौकरी भी की, लेकिन क्रिकेटर बनने का सपना उन्हें परेशान करता रहा। बाद में नौकरी छोड़ उन्होंने क्रिकेट की प्रैक्टिस शुरू की।

**रोहित ने दी थी बिंदास बॉलिंग करने की सलाह**

द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए उत्तराखंड रणजी टीम के कोच मनीष झा ने कहा कि रफल के खिलाफ मैच के बाद आकाश सिर्फ रोहित शर्मा की ही बात करता था कि कैसे रोहित ने पिछले दो महीने में उसकी मदद की थी। उन्होंने बताया कि मुंबई के कैंप से जुड़ने के बाद आकाश को रोहित शर्मा के रूप में एक बड़ा भाई मिला। जिसने ना सिर्फ उसे कूल रहने में मदद साथ ही यह सलाह भी दी कि "तू बिंदास बॉलिंग कर।"

**ऋषभ पंत के पड़ोसी हैं आकाश मधवाल**

आकाश सिंह को शुरुआती प्रशिक्षण देने के वाले अवतार सिंह ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि आकाश का रुड़की के ढंडेरा में है। वह ऋषभ पंत के पड़ोसी हैं। बता दें कि ऋषभ के दिल्ली आने से पहले अवतार सिंह ने पंत को भी ट्रेनिंग दी थी। मुंबई इंडियंस शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ आकाश से ऐसे ही बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महामुकाबले के लिए शुरू की तैयारी



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को अपने नए स्पॉन्सर एडिडास के साथ नई ट्रेनिंग किट का खुलासा किया। भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने की तैयारी में जुटी है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से लंदन के द ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में पुष्टि की थी कि एडिडास भारतीय क्रिकेट टीम का नया किट स्पॉन्सर है। बीसीसीआई ने बताया कि मार्च 2028 तक एडिडास भारतीय टीम का स्पॉन्सर बना रहेगा।

बीसीसीआई ने साथ ही जानकारी दी थी कि जब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वो नई जर्सी में नजर आएगी। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि एडिडास भारतीय पुरुष, महिला और अंडर–19 टीमों के लिए किट, जर्सी और अन्य सामान डिजाइन और मैन्यूफैक्चर करेगा। हालांकि, इस करार की आर्थिक स्थिति को जारी नहीं किया गया है।

जय शाह ने क्या कहा

जय शाह ने बीसीसीआई द्वारा जारी अपने बयान में कहा, "हम क्रिकेट खेल की प्रगति में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और बहुत उत्साहित हैं कि विश्व की सबसे लोकप्रिय स्पोर्ट्सवीयर ब्रांड एडिडास के साथ करार किया है।"

# मुंबई के सातवें फाइनल के बीच खड़ी गुजरात, जीतने वाली टीम अहमदाबाद में चेन्नई से भिड़ेगी

नई दिल्ली, आकाश मधवाल के करिश्माई प्रदर्शन से एलिमिनेटर से लखनऊ सुपरजायंट्स पर बड़ी जीत दर्ज करने वाली 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सामने क्वालीफायर–2 में गत विजेता गुजरात टाइटंस की चुनौती होगी। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले इस मुकाबले में जीतने वाली टीम फाइनल का टिकट कटाएगी, जहां उसका सामना महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

**मुंबई ने बजाई खतरे की घंटी**

मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार–चढ़ाव वाला रहा है, लेकिन अब टीम सही समय पर अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में लौट आई है। लखनऊ सुपरजायंट्स के विरुद्ध जीत गुजरात के लिए खतरे की घंटी है। जोफ्रा आर्चर और जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद टीम ने क्लावीफायर तक का सफर तय किया है। अब वह अपना सातवां





फाइनल खेलने से बस एक कदम दूर है। टीम के लिए आस्ट्रेलियाई आलराउंडर कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टीम डेविड ने अभी तक अच्छी तरह से चुनौतियों का सामना किया है।

उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहाल वढेरा भी अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं, जबकि रोहित शर्मा और ईशान किशन की आरंभिक जोड़ी अपनी भूमिका निभा रही है। इन बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कर रहे हैं। मधवाल ने लखनऊ के विरुद्ध पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरनडार्फ ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जोर्डन में लखनऊ के विरुद्ध दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है।

गुजरात को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

गुजरात टाइटन्स पहले क्वालीफायर में चेन्नई की टीम से पराजय झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अहम योगदान दिया है।

## फिल्मी सफर

# सारा अली खान ने की इब्राहिम के एक्टिंग डेब्यू की पुष्टि



सारा अली खान इन दिनों सुपर बिजी चल रही हैं। अभिनेत्री, जो विक्की कौशल के साथ जरा हटके जरा बचके शीर्षक वाली अपनी अगली फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने इस साल कान्स में अपनी शुरुआत की! अभिनेत्री 20 मई को भारत लौटी। कान में अभिनेत्री ने अपने भाई इब्राहिम अली खान के बारे में एक बड़ा खुलासा किया। उसने पुष्टि की कि इग्गी पॉटर, जैसा कि वह उसे प्यार से बुलाती है, एक अभिनेता के रूप में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार है। खास बात यह है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है!सारा अली खान ने पुष्टि की है कि उनके भाई, इब्राहिम अली खान, अपने अभिनय की शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म साथी के साथ बात करते हुए, सारा ने अपने भाई इब्राहिम और मां अमृता के बारे में बात की और खुलासा किया, उन्होंने एक अभिनेता के रूप में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग अभी पूरी की है, जिस पर मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। हां, उसके पास है और जब भी वह घर आता है, चाहे वह स्कूल से हो या शूट से, हम दोनों का उसके प्रति बेहद प्यार और पसंद, यह रवैया है और तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे पास मेरी मां का दिल है। क्योंकि हम इब्राहिम के साथ बहुत समान व्यवहार करते हैं।तथ्य यह है कि इब्राहिम ने अपनी पहली फिल्म के रूप में धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म साइन की है।

एक मीडिया हाउस ने इब्राहिम अली खान की धर्मा प्रोडक्शन के साथ पहली फिल्म का नाम अस्थायी रूप से सरजमीन बताया है। यह इमोशनल थ्रिलर होगी जिसमें इब्राहिम अहम भूमिका निभाएंगे। फिल्म फरवरी के अंत में फ्लोर पर चली गई। इब्राहिम के अतिरिक्त इस फिल्म में मलयालम फिल्मों के सुपर सितारे पृथ्वीराज व काजोल भी महत्त्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इससे पहले इब्राहिम अली खान ने करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था।

## नुसरत भरूचा को पति के तौर पर लडके में चाहिए ये क्वालिटीज

एक्ट्रेस नुसरत भरुचा एक आदर्श पति में कुछ क्वालिटीज चाहती हैं। नुसरत फिल्म छत्रपति का प्रमोशन करने द कपिल शर्मा शो में बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, भाग्यश्री, करण सिंह छाबड़ा, पलक मुच्छल, निर्देशक वीवी विनायक और निमार्ता जयंतीलाल गडा के साथ नजर आएंगी। एपिसोड में, होस्ट कपिल के हस्बैंड क्वालिटीज से जुड़ा सवाल का जवाब देते हुए नुसरत ने कहा, मुझे पति के रूप में ऐसा लडका चाहिए, जो खूब हंसा सकता हो, उसका सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा होना चाहिए, वह सिंगल हो और उसमें हीरो के गुण भी होने चाहिए। इसके अलावा, कपिल ने मजाक में कहा कि उन्होंने अंधेरी वेस्ट में शादी की है और फिल्म सिटी में अकेला है, जिसका मतलब है कि उनमें यह सब क्वालिटीज है और वह उनके लिए पूरी तरह परफेक्ट है। द कपिल शर्मा शो एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# आदिपुरुष का जय श्री राम गीत जारी, पहले ही हिट हो चुका



प्रभास ओम राउत की आदिपुरुष में राम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में सैफ अली खान जो रावण की भूमिका निभाएंग, के साथ कृति सनोन सीता की भूमिका निभाएंगी। एल्बम से अब जय श्री राम नाम का एक नया गाना रिलीज किया गया है और यह पहले ही हिट हो चुका है।

जय श्री राम को भूषण कुमार और ओम राउत के साथ अजय अतुल ने कंपोज किया था। गाने में वीडियो के राम के रूप में प्रभास के दृश्य हैं। आज गाने के लॉन्च पर, अजय अतुल ने मुंबई में 30 कोरस गायकों के साथ एक लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ गाने की प्रस्तुति भी दी।प्रभास द्वारा कैप्शन पढ़ा गया, प्रभु श्री राम की दिव्य आभा का अनुभव करें क्योंकि टीम आदिपुरुष ने जयश्रीराम का पूर्ण संस्करण लॉन्च किया। शक्ति–गीत अतुल अजय द्वारा रचित है और गीत के बाल मनोज मुंतसिर द्वारा लिखे गए हैं।यह फिल्म हिंदू ग्रंथ रामायण पर आधारित है। यह भारत में बनी उच्च बजट की फिल्मों में से एक है और इसके बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। यह पहली बार है जब प्रभास और कृति ने किसी फिल्म में साथ काम किया है। इस बीच, आदिपुरुष को 13 जून को न्यूयॉर्क में ट्रिबेका महोत्सव में भी प्रदर्शित किया जाएगा, जो 7 से 18 जून तक हो रहा है।

# फार्मा उद्योग को लेकर रितेश देशमुख के साथ सीरीज बना रहे हैं राजकुमार गुप्ता !

राज कुमार गुप्ता भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं में से एक हैं, जिन्होंने अजय देवगन और इलियाना डिक्रूज स्टारर रेड, रानी मुखर्जी और विद्या बालन के बेमिसाल अभिनय से सजी नो वन किल्ड जेसिका और राजीव खंडेलवाल की आमिर जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। उनका आखिरी निर्देशित फिल्म – इंडियाज मोस्ट वांटेड, जिसमें अर्जुन कपूर थे, 2019 में प्रदर्शित हुई थी। उसके बाद से राजकुमार गुप्ता ने किसी फिल्म की घोषणा नहीं की। पिंकविला के अनुसार अब राजकुमार गुप्ता एक वेब सीरीज का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने रितेश देशमुख और रॉनी स्क्रूवाला से हाथ मिलाया है। बताया जा रहा है कि राजकुमार गुप्ता की यह वेब सीरीज भारत में फार्मा उद्योग के इर्द–गिर्द घूमती है।

निर्माता रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। उनका कहना है, यह एक बहुत ही दिलचस्प कहानी है, जिसे राजकुमार गुप्ता कुछ समय से परदे पर उतारना चाहते थे। उन्हें लगता है कि लॉन्ग फॉर्म फॉर्मेट स्क्रिप्ट के साथ पूरा न्याय करेगा, यही वजह है कि उन्होंने इसके लिए डिजिटल रास्ता चुना। कथानक के हिसाब से उन्हें इस किरदार के लिए रितेश देशमुख उपयुक्त लगे। अब दोनों ने चंडीगढ़ में इसके लिए शूटिंग भी शुरू कर दी है। यह पहला मौका नहीं है जब राजकुमार गुप्ता और रॉनी स्क्रूवाला एक साथ काम करने जा रहे हैं, इससे पहले रॉनी स्क्रूवाला ने राजकुमार गुप्ता की आमिर, नो वन किल्ड जेसिका और घनचक्कर का निर्माण किया है।

इस बीच, रितेश देशमुख अपनी मराठी फिल्म वेद की सफलता का आनंद ले रहे हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। रोमांटिक ड्रामा रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा द्वारा सुर्खियों में था, और 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद, पिछले महीने डिज्नी + हॉटस्टार पर इसका प्रदर्शन हुआ था।

## कार में बैठ सैर पर निकली इलियाना डिक्रूज, बंप आउट किया फ्लॉन्ट

मां बनने जा रही एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गाड़ी में बैठी नजर आ रही हैं और बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं।

इलियाना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्लिप शेयर की। इस क्लिप में उन्होंने ब्लैक और वाइट ड्रेस पहनीं हुई है और वह कार में बैठीं है। उन्होंने कैप्शन में इसे सन आउट, बम्प आउट कहा। पिछले महीने, एक्ट्रेस घोषणा की कि वह प्रेग्नेंट है। उन्होंने किड टीशर्ट, जिसपर एंड सो द एडवेंचर बिगिन्स लिखा था और ममा का पेंडेट की फोटो शेयर की थी।

# युद्धभूमि में एनटीआर जूनियर का इंतजार कर रहे ऋतिक रोशन, जन्मदिन पर किया ये ट्वीट

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन ने शनिवार को एनटीआर जूनियर को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि वह युद्धभूमि में उनका इंतजार कर रहे हैं, जिससे वॉर 2 को लेकर अटकले लगाई जा रही हैं। उन्होंने एनटीआर जूनियर को किए अपने ट्वीट में वॉर 2 का जिक्रनहीं किया, लेकिन ऋतिक ने इस बारे में कई संकेत दिए।

ऋतिक ने लिखाः हैप्पी बर्थडे एनटीआर जूनियर, तुम्हारा दिन खुशहाल हो और आने वाला साल एक्शन से भरा हो। मैं युद्धभूमि पर तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं। जब तक हम मिलते नहीं तब तक तुम्हारे दिन शांति और खुशियों से भरे हों।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स भारतीय सिनेमा के इतिहास के सबसे बड़े सुपरस्टार्स की सुपर–स्पाई के



रूप में उपस्थिति का दावा करता है। इसमें पठान के रूप में शाहरुख खान, टाइगर के रूप में सलमान खान, कबीर के रूप में ऋतिक रोशन, रुबाई के रूप में दीपिका पादुकोण, जोया के रूप में कैटरीना कैफ और जिम के रूप में जॉन अब्राहम हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com